डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



वर्ष -09 अंक -113 | प्रयागराज ,सोमवार,10,जुलाई, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### सचिन पायलट बोले- अशोक गहलोत के साथ तकरार खत्म

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इस साल के अंत में राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। राजस्थान चुनाव पर कांग्रेस पार्टी ने अपना पूरा ध्यान भी केंद्रित कर दिया है।



गुरुवार (6 जुलाई) को दिल्ली के कांग्रेस मुख्यालय में राजस्थान चुनाव का रोडमैप तैयार किया गया। इस बैठक में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। इस बैठक में चुनाव तैयार पर चर्चा के अलावा अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच दूरियों को कैसे कम किया जाए इस पर भी चर्चा हुई। पिछले कुछ सालों से सचिन पायलट और राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के बीच राजनीतिक मनमुटाव चल रहा है। कई बार दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग भी छिड़ चुकी है। इसी बीच शनिवार को सचिन पायलट ने समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत करते हुए बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हे सलाह दी कि आपकी जिन लोगों से रंजिश है उन्हें माफ करे और बातों को भूल जाएं। पिछले कुछ सालों से सचिन पायलट और राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत के बीच राजनीतिक मनमुटाव चल रहा है। कई बार दोनों नेताओं के बीच जुबानी जंग भी छिड़ चुकी है। इसी बीच शनिवार को सचिन पायलट ने समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत करते हुए बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हे सलाह दी कि आपकी जिन लोगों से रंजिश है उन्हें माफ करे और बातों को भूल जाएं। सचिन पायलट ने आगे कहा,ठअशोक गहलोत जी मुझसे बड़े हैं, उनके पास अनुभव भी ज्यादा है। उनके कंधों पर भारी जिम्मेदारियां हैं।

## त्रिपुरा के सीएम साहा ने बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना को 100 डिब्बों में भेजा यह खास उपहार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शनिवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को दोस्ती के संकेत के रूप में अनानास भेजा। अनानास को अखौरा सीमा के माध्यम से सफलतापूर्वक बांग्लादेश पहुंचाया गया त्रिपुरा के सीएम साहा ने बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना को दोस्ती के तौर पर अनानास भेजा। स्नेहपूर्ण सद्भावना के इस भाव का उद्देश्य दोनों पड़ोसी देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाना है। उद्यान एवं भूमि संरक्षण निदेशालय के निदेशक डॉ. फोनी भूषण जमातिया ने कहा कि मुख्यमंत्री साहा की ओर से क्यू किस्म के कुल 700 अनानास भेजे गए थे।एक आधिकारिक बयान के अनुसार, भारत और बांग्लादेश के बीच दोस्ती के स्थायी बंधन को मजबूत करने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री प्रोफेसर डॉ. माणिक साहा ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को स्वादिष्ट अनानास का एक शानदार उपहार भेजा है। स्नेहपूर्ण सद्भावना के इस भाव का उद्देश्य दोनों पड़ोसी देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाना है।



उद्यान एवं भूमि संरक्षण निदेशालय के निदेशक डॉ. फोनी भूषण जमातिया ने कहा कि मुख्यमंत्री साहा की ओर से क्यू किस्म के कुल 700 अनानास भेजे गए थे। उन्होंने कहा, उद्यान और भूमि संरक्षण निदेशालय के निदेशक, डॉ फोनी भूषण जमातिया, संयुक्त निदेशक, शांतनु देबवर्मा, सहायक निदेशक, डॉ दीपक वैद्य और एकीकृत चेकपोस्ट सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों ने अनानास खेप के निर्बाध हस्तांतरण की सुविधा के लिए मिलकर काम किया।

## इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए एच सी ने सरकार से मांगी रिपोर्ट, बैन से कई सेवाओं पर पड़ा है असर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**इंफाल।** मणिपुर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को नागरिकों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए मोबाइल फोन पर इंटरनेट सेवा प्रदान करने की



व्यावहारिकता का पता लगाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और मामले की सुनवाई 25 जुलाई को करेगी जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि फाइबर टू द होम कनेक्शन के मामले में गृह विभाग द्वारा समिति की ओर से सुझाए गए सुरक्षा उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए इंटरनेट सेवा प्रदान की जा सकती है। विशेषज्ञ समिति ने कोर्ट को सूचित किया था कि इंटरनेट सेवा ब्राडबैंड कनेक्शन के माध्यम से प्रदान की जा सकती है।कई जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के बाद जस्टिस ए बिमोल और जस्टिस ए गुनेश्वर शर्मा की खंडपीठ ने कहा कि, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन के मामले में गृह विभाग द्वारा समिति की ओर से सुझाए गए सुरक्षा उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए इंटरनेट सेवा प्रदान की जा सकती है। 12 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने कोर्ट को सूचित किया था कि इंटरनेट सेवा ब्राडबैंड कनेक्शन के माध्यम से प्रदान की जा सकती है। राज्य सरकार ने उच्च अधिकारियों को अफवाहों के प्रसार और पो□स्टग में शामिल न होने की इच्छा रखने वाले ग्राहकों से लिखित में लेने के बाद, 10 एमबीपीएस की अधिकतम गति की सीमा के साथ इंटरनेट लीज्ड लाइन (आइएलएल) पर प्रतिबंध हटाने का प्रस्ताव दिया है।इसमें यह भी कहा गया है कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में, वह प्रासंगिक कानूनों के प्रावधानों के अनुसार दंडित होने के लिए उत्तरदायी होगा। इसके साथ ही किसी के वाईफाई या हाटस्पाट का कोई दूसरा उपयोग करता है तो इसके लिए ग्राहक को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा।मणिपुर में इंटरनेट प्रतिबंध से बिल भुगतान, स्कूलों और कालेजों में प्रवेश, परीक्षा, नियमित खरीदारी और निजी फर्मों के संचालन पर असर पड़ा है। कई लोगों द्वारा दायर अपीलों के बाद, उच्च न्यायालय ने 20 जून को राज्य अधिकारियों से कहा कि वे कुछ निर्दिष्ट स्थानों पर सीमित इंटरनेट सेवाओं की अनुमति दें।मणिपुर में अभी भी हिंसक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। शुक्रवार रात को बिष्णुपुर जिले के कांगवई-अवांग लेखई क्षेत्र में रुक-रुककर गोलीबारी जारी रही। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में एक पुलिसकर्मी के घायल होने की सूचना है। यहां स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए बीएसएफ की टुकड़ियों को तैनात किया गया है क्योंकि भारतीय सेना और असम राइफल्स की टुकड़ियां सोंगडो के सामान्य क्षेत्र में चली गई हैं। मणिपुर के इंफाल में ऐतिहासिक कांगला किले के पास लगभग 200 लोगों की भीड़ ने महाबली रोड पर जमा होकर दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया। इस दौरान भीड़ ने पुलिस से हथियार छीनने की भी कोशिश की।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी ने राहुल पर साधा निशाना, कहा- आवाज की आजादी का मतलब कुछ भी कहने का लाइसेंस नही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कहा कि आवाज की आजादी का मतलब 'कुछ भी कहने का लाइसेंस'' नहीं है, उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि कुछ लोग मौलिक अधिकारों का राग अलापते हैं लेकिन वे आसानी से और जानबूझकर मौलिक कर्तव्यों को भूल जाते हैं। नकवी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां अच्छी तरह से जानती हैं कि वे मोदी को नहीं हरा सकतीं चाहे वे अकेले लड़ें या 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए गठबंधन बनाएं। जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नकवी ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरुपयोग देश के लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ एक साजिश बन गई



है। गुजरात हाई कोर्ट द्वारा राहुल गांधी की याचिका को खारिज करने के बाद भाजपा और कांग्रेस नेता आपस में भिड़ गए हैं। क्या कुछ बोले नकवी नकवी ने कहा कि कुछ लोग मौलिक अधिकारों का राग अलापते हैं, लेकिन वे आसानी से और जानबूझकर मौलिक कर्तव्यों को भूल जाते हैं। नकवी ने कहा कि विपक्षी पार्टियां अच्छी तरह से जानती हैं कि वे मोदी को नहीं हरा सकतीं, चाहे वे अकेले लड़ें या 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए गठबंधन बनाएं।केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा है कि राहुल गांधी और कांग्रेस को वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लोगों से माफी मांगनी चाहिए, जिन्होंने उन्हें लोकसभा के लिए चुना था। मुरलीधरन ने कहा कि गैरजिम्मेदाराना बयानों के कारण गांधी को अपनी संसद सीट गंवानी पड़ी और वायनाड के मतदाताओं को लोकसभा में आवाज की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वायनाड के लोगों ने उन्हें भारी बहुमत दिया था, उन्हें उम्मीद थी कि वह संसद में उनके हितों का प्रतिनिधित्व करेंगे, लेकिन उनकी अपरिपक्व और गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियों के कारण वायनाड के लोग संसद में अपने मुद्दे उठाने का मौका खो रहे हैं।

## केरल के विझिंजम में कुएं के अंदर फंसा 55 वर्षीय व्यक्ति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**तिरुवनंतपुरम।** विझिंजम के नजदीक एक कुएं की मरम्मत के दौरान मिट्टी धंसने की वजह से उसमें एक 55 वर्षीय व्यक्ति फंस गया। हालांकि, उसको बचाने के लिए तत्काल प्रभाव से रेस्क्यू तत्काल प्रभाव से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, उन्हें सुबह साढ़े नौ बजे घटना की जानकारी मिली। तमिलनाडु के मूल निवासी महाराजन पिछले कुछ वर्षों से जिले में रह रहे थे और मुक्कोला स्थित



ऑपरेशन शुरू किया गया। इससे जुड़ा हुआ एक वीडियो भी सामने आया है। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक उन्हें सुबह साढ़े नौ बजे घटना की जानकारी मिली। तमिलनाडु के मूल निवासी महाराजन पिछले कुछ वर्षों से जिले में रह रहे थे और मुक्कोला स्थित एक कुएं के भीतर छल्ले लगा रहे थे तभी अचानक मिट्टी दरकने की वजह से वह उसमें फंस गए। हालांकि उसको बचाने के लिए एक कुएं के भीतर छल्ले लगा रहे थे, तभी अचानक मिट्टी दरकने की वजह से वह उसमें फंस गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विझिंजम पुलिस, अग्निशमन बल के जवान और स्थानीय लोग फिलहाल उसे बचाने के लिए लगभग 100 फीट गहरे कुएं से मिट्टी हटाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह एक गहरा कुआं है। वह वहां पर काम में जुटा हुआ था तभी मिट्टी दरकी और उसके ऊपर गिर गई।

## मायावती का यू-टर्न, कहा सरकार जबरन थोप रही, गरीबी दूर करने पर करें काम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**भाजपा के प्रति नरम रुख के उलाहने झेलती रहीं बसपा सुप्रीमो मायावती अब अपने तेवरों



से यह संदेश देना चाहती हैं कि वह प्रस्तावित विपक्षी एकता में फिलहाल भले ही शामिल न हों, लेकिन भाजपा की प्रबल विरोधी हैं। भाजपा के प्रति नरम रुख के उलाहने झेलती रहीं बसपा सुप्रीमो मायावती अब अपने तेवरों से यह संदेश देना चाहती हैं कि वह प्रस्तावित विपक्षी एकता में फिलहाल भले ही शामिल न हों लेकिन भाजपा की प्रबल विरोधी हैं। शायद यही वजह है कि छह दिन पहले यूसीसी पर नपी-तुली प्रतिक्रिया देने वालीं मायावती ने यू-टर्न लेते हुए अब यूसीसी को जबरन थोपे जाने वाला और गैर-उपयोगी बताया है। शायद यही वजह है कि छह दिन पहले समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर नपी-तुली प्रतिक्रिया देने वालीं मायावती ने यू-टर्न लेते हुए अब यूसीसी को जबरन थोपे जाने वाला और गैर-उपयोगी बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और उसकी सरकार को यूसीसी जैसे गैर-जरूरी मुद्दों पर ऊर्जा लगाने की जगह महंगाई कम करने और गरीबी दूर करने पर काम करना चाहिए। मायावती ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में स्पष्ट कहा कि हर राजनीतिक-सामाजिक गतिविधि पर नजर रखें, लेकिन कोई प्रतिक्रिया न दें, क्योंकि पार्टी को हर वर्ग का वोट चाहिए। पार्टी इस मुद्दे को लेकर हालात को परखेगी। कार्यकर्ताओं को 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का निर्देश देने के साथ ही वह भाजपा पर हमलावर रहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारें हताशा की शिकार हैं।

## आयातित कोयले वाले बिजली संयंत्रों की हो सख्त निगरानी, भारत सरकार का रिन्यूएबल ऊर्जा पर जोर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साल 2021 में देश ने एक बड़ी बिजली समस्या का सामना किया था। इसकी प्रमुख वजह आयातित कोयला पर आधारित बिजली संयंत्रों में कम उत्पादन होना था। कम उत्पादन के लिए विदेशी बाजारों में कोयला महंगा होने की बात कही गई थी। यह समस्या आगे भी पैदा हो सकती है। पावर ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (पीटीसी) के सीएमडी राजीब कुमार मिश्रा का कहना है कि किसी न किसी स्तर पर आयातित कोयले पर आधारित ताप बिजली संयंत्रों की चौबीस घंटे निगरानी की व्यवस्था होनी चाहिए। उनका मानना यह भी है कि अगले कुछ वर्षों में देश में 30 से 35 हजार मेगावाट क्षमता के नए ताप बिजली संयंत्र स्थापित करने की जरूरत है। इस बारे में पावर ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (पीटीसी) के सीएमडी राजीब कुमार मिश्रा का कहना है कि किसी न किसी स्तर पर आयातित कोयले पर आधारित ताप बिजली संयंत्रों की चौबीस घंटे निगरानी की व्यवस्था होनी चाहिए। इन संयंत्रों की क्षमता ठीक ठाक है और जब भी देश में इतनी बड़ी मात्रा में बिजली आपूर्ति बाधित होगी तो इसका असर पूरे बिजली सेक्टर पर होगा। विशेष बातचीत में पीटीसी के सीएमडी बताते हैं कि रिन्यूएबल ऊर्जा पर जोर के बावजूद भारत के लिए ताप बिजली संयंत्रों का महत्व काफी लंबे समय तक बना रहेगा। अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित हो नए संयंत्रः राजीब कुमार मिश्रा उनका मानना है कि अगले कुछ वर्षों में देश में 30 से 35 हजार मेगावाट क्षमता के नए ताप बिजली संयंत्र स्थापित करने की



जरूरत है। हां, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ये संयंत्र अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित हो ताकि पर्यावरण को कम से कम नुकसान हो। ताप बिजली संयंत्रों की जरूरत वह इसलिए भी बताते हैं कि सौर ऊर्जा प्लांट एक निर्धारित अवधि (सुबह 09 बजे से शाम 04 बजे) तक ही पूरी तरह से काम करते हैं। जबकि भारत में बिजली की मांग शाम 06 बजे से रात्रि 11 बजे तक सबसे ज्यादा रहती है। इस अवधि में बिजली की मांग ताप बिजली संयंत्र ही बखूबी पूरी तरह सकते हैं। नए संयंत्रों के सुझाव के साथ ही पीटीसी सीएमडी मानते हैं कि पुराने पड़ चुके ताप संयंत्रों को बंद कर देना चाहिए।आयातित कोयला से बिजली बनाने वाले संयंत्रों की क्षमता तकरीबन 18 हजार मेगावाट है। वैश्विक बाजार में कोयला जब महंगा होता है तो यह संयंत्र आयात कम कर देते हैं और बिजली उत्पादन घटा देते हैं। मिश्रा का कहना है कि इसका कई तरह से विपरीत असर बिजली सेक्टर पर होता है। इससे पावर एक्सचेंज में बिजली की दरें बढ़ जाती हैं और राज्यों को महंगी बिजली खरीदनी पड़ती है जिससे उनकी वित्तीय सेहत पर असर होता है। कोयले की कीमत बढ़ने का खामियाजा दूसरे संयंत्रों को भी उठाना पड़ता है। इनकी निगरानी होने से यह पता चल जाएगा कि वह पर्याप्त कोयला खरीद रहे हैं या नहीं।सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता अभी 4.17 लाख मेगावाट है। इसमें 2.05 लाख मेगावाट क्षमता कोयला आधारित बिजली संयंत्रों की है जबकि 1.80 लाख मेगावाट क्षमता रिन्यूएबल (हाइड्रो, सौर, पवन, बायोगैस आदि) सेक्टर की है।

## एचडीएफसी बैंक के बाद टीडीएस सर्टिफिकेट पर क्या होगा असर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक और हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (एचडीएफसी) का मर्जर 1 जुलाई 2023 को हो गया है। इसके बाद ग्राहकों के लिए कई बदलाव किये गए हैं। इस महीने में 31 जुलाई 2023 तक के द्वारा हम जानते हैं कि आप कैसे एचडीएफसी बैंक से आप अपनी टीडीएस प्राप्त कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि मर्जर के बाद बैंक ने क्या क्या बदलाव किया है टीडीएस कटौती सीमा अगर आप एचडीएफसी लिमिटेड के ग्राहक थे तो आपकी इंटरेस्ट




अपना इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करना है। आईटीआर फाइल करने के लिए हमें टीडीएस सर्टिफिकेट की जरूरत होती है। अगर आप भी एचडीएफसी के ग्राहक हैं तो ये खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। एचडीएफसी बैंक ने कई बड़े बदलाव किये हैं। आईटीआर फाइल करने से पहले आपको टीडीएस सर्टिफिकेट की जरूरत पड़ती है। आपको एचडीएफसी के टीडीएस से जुड़े नियमों के बारे में जान लेना चाहिए ताकि आपको बाद में कोई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े। एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी के मर्जर के बाद ग्राहकों को टीडीएस से जुड़े सवाल कंफ्यूजन है। आइए इस आर्टिकल इनकम 5,000 रुपये से ज्यादा है तब आपका टीडीएस काटा जाएगा। मर्जर के बाद इस लिमिट को बढ़ा दिया गया है। अब ये 40,000 रुपये हो गई है। सीनियर सिटीजन के लिए ये 50,000 रुपये हो गई है।अगर एचडीएफसी लिमिटेड ने 5,000 रुपये का टीडीएस काट लिया है तो आप इस पर अपनी टीडीएस एडजस्ट कर सकते हैं। अगर आपका टीडीएस अभी तक नहीं काटा गया है तो आप टीडीएस प्रमाणपत्र के साथ अपनी रिटर्न दाखिल करते समय उस अमाउंट को दावा करना होगा। आपको बता दें कि मर्जर से पहले अगर टीडीएस काट लिया गया है तो आपको वो वापस नहीं मिलेगा।

## इस महीने निवेशकों को मिलेगा कमाई का बंपर मौका, ये कंपनियां दे रही है डिविडेंड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में इस हफ्ते कई कंपनी के शेयर एक्स-डिविडेंड पर ट्रेड करेंगे। 10 से 14 जुलाई 2023 को कई कंपनी के शेयर एक्स डिविडेंड पर ट्रेड करेंगे। इसका साफ मतलब हुआ कि ये हफ्ता निवेशकों के लिए काफी लकी है। इस आर्टिकल से जानते हैं कि कंपनी आपको कितना लाभांश दे रही है? ये कंपीन किस दिन एक्स-डिविडेंड पर ट्रेड करेगी (जागरण



फाइल फोटो)

इसमें कुल 50 से ज्यादा शेयर एक्स डिविडेंड पर कारोबार करेगा। इसमें ल्यूपिन, डॉ. रेड्डीज, एलटीआईमाइंडट्री, एमएंडएम, टाइटन कंपनी, हिंदुस्तान जिंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और बॉश जैसे दिग्गज कंपनी शामिल है। अगर आपने शेयर बाजार में निवेश किया है तो आपको एक बार इसकी लिस्ट चेक कर लेनी चाहिए। अगर आप भी शेयर बाजार में निवेश करते हैं तो आपके लिए ये हफ्ता काफी शानदार है। इस हफ्ते 50 से ज्यादा शेयरों पर लाभांश मिल रहा है। बालकृष्ण इंडस्ट्रीज निवेशक को 3 रुपये का प्रति शेयर के अंतिम लाभांश देगी। भारत सीट्स अपने निवेशक को 1.4 रुपये का प्रति शेयर का डिविडेंड देगा। डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेट्रीज़ द्वारा 40 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश देगी। जेएसडब्ल्यू स्टील 10 जुलाई को 3.4 रुपये का प्रति शेयर के अंतिम लाभांश तय किया है। न्यूलैंड लेबोरेटरीज ने डेविडेंड देने के लिए 10 जुलाई की डेट तय की है। कंपनी 10 रुपये का प्रति शेयर का अंतिम लाभांश देगा। पेकोस होटल और पब 3 रुपये का प्रति शेयर अपने डिविडेंड देगी। परसिस्टेंट सिस्टम 10 जुलाई को एक्स डिविडेंड पर ट्रेड करेगी। कंपनी निवेशकों को 10 रुपये प्रति शेयर का विशेष लाभांश और 12 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश देगी।ट्रांसमिशन 6 रुपये प्रति शेयर का अंतिम लाभांश दे रही है। एसएटी इंडस्ट्रीज 0.10 रुपये प्रति शेयर का अंतिम लाभांश निवेशक के दे रही है। श्री ग्लोबल ट्रेडफिन और वायर्स एंड फैब्रिक्स (एसए) 0.10 रुपये प्रति शेयर का अंतिम लाभांश दे रही है।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी निवेशकों को 0.60 प्रति शेयर अंतिम लाभांश के लिए 12 जुलाई की तिथि तय की है। मगध शुगर एंड एनर्जी 7 रुपये का प्रति शेयर का लाभांश देगी। ओरिएंटल होटल्स प्रति शेयर पर 0.50 रुपये का लाभांश दे रही है। सनमित इंफ्रा प्रति शेयर पर 0.0350 रुपये का अंतिम लाभांश दे रही है। टाइटन कंपनी प्रति शेयर पर 10 रुपये का लाभांश के लिए 12 जुलाई को एक्स डिविडेंड पर ट्रेड करेगा। वेंड्ट (भारत) प्रति शेयर पर 50 का बंपर अंतिम लाभांश दे रही है। 14 जुलाई को बाजार में इस कंपनी के शेयर एक्स डिविडेंड पर ट्रेड करेगा। इस दिन 30 से स्टॉक एक्स-डिविडेंड में बदल जाएंगे। इसमें ल्यूपिन, एमएंडएम, आरईसी, बॉश और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक जैसे बड़ी कंपनी शामिल है।

# ट्रक और पिकप की टक्कर में किन्नर वेशधारी युवक की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** गंगानगर के सोरांव थाना क्षेत्र के इंडिया कोखराज बाईपास पर बुधवार की देर रात युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काफी देर के बाद मृतक की पहचान हो पाई। किन्नर वेशधारी एक युवक इंडिया कोखराज हाईवे बाईपास पर देर रात सड़क से गुजर रहे वाहनों को रोककर पैसा मांग रहा था। एक पिकप वाहन को रोककर वह पैसा मांग रहा था कि पीछे से आए तेज रफ्तार एक ट्रक ने पिकप में टक्कर मार दी। इससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में किन्नर वेशधारी युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। काफी छानबीन के बाद मृतक की पहचान सोरांव थाना क्षेत्र के तलाक चौधरी गांव निवासी अभिषेक (22) रामानंद के रूप में हुई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने सड़क पर से वाहनों को हटवाकर आवागमन चालू कराया।



ट्रक और पिकप की टक्कर में वाहन के पास खड़े एक किन्नर वेशधारी

# एसडीएम ज्योति मौर्य के पति आलोक मौर्य से पुलिस जल्द करेगी पूछताछ दर्ज है दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज पीसीएस अफिसर ज्योति मौर्य और उनके पति आलोक मौर्य के पारिवारक विवाद के मामले में धूमनगंज थाने में आलोक मौर्य का बयान जल्द दर्ज किया जाएगा। ज्योति मौर्य ने अपने पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में ज्योति और उनके मायके वालों का बयान दर्ज किया जा चुका है। पुलिस अब आलोक मौर्य और नामजद अन्य लोगों का बयान दर्ज करेग बरेली में तैनात एसडीएम ज्योति मौर्या और उनके पति आलोक मौर्य का विवाद इन दिनों सुर्खियों में है। दोनों का विवाद इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर ट्रेंड कर रहा है। लोग तरह-तरह के मीम्स और पोस्ट वायरल कर ज्योति को टारगेट कर रहे हैं। ज्योति मौर्या ने धूमनगंज थाने में पति आलोक और उनके भाइयों और भाभी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में ज्योति मौर्य का बयान दर्ज किया जा चुका है जबकि दूसरे पक्ष से उनके पति और अन्य नामजद लोगों का बयान दर्ज होना है। धूमनगंज कोतवाली के इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि जल्द ही आलोक मौर्य और अन्य नामजद आरोपियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। मामले की विवेचना की जा रही है सोशल मीडिया पर कुछ दिनों से ज्योति और आलोक की शादी का कार्ड वायरल हो रहा है। जिसमें आलोक को ग्राम पंचायत अधिकारी लिखा गया है। ज्योति का आरोप है कि आलोक पंचायती राज विभाग में सफाई कर्मचारी हैं, जबकि शादी झूठ बोलकर किया गया। उधर आलोक के परिजनों का कहना है कि लड़की वालों ने कार्ड में ग्राम पंचायत अधिकारी छपवाया था लड़के वालों की तरफ से छपवाए गए शादी के कार्ड में सिर्फ आलोक कुमार लिखा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ज्योति मौर्या और आलोक मौर्य की शादी का जो कार्ड वायरल हो रहा है, उस पर ज्योति मौर्या के पिता पारसनाथ मौर्या का बयान सामने आया है। ज्योति मौर्या के पिता ने बताया कि शादी के वक्त आलोक मौर्या ने नहीं बताया था कि वो एक सफाई कर्मचारी है। आलोक ने खुद को ग्राम पंचायत अधिकारी बताया था शादी के कार्ड पर भी हमने ग्राम पंचायत अधिकारी वाली बात लिखवाई थी। शादी के कार्ड की वायरल फोटो में ये देखा जा सकता है। झूठ की बुनियाद पर हुई शादी बता दें कि ज्योति मौर्या के पिता यूपी में वाराणसी के चिरईगांव में रहते हैं। ज्योति मौर्या के पिता ने कहा कि अब तो आलोक मौर्या चिल्ला-चिल्लाकर लोगों को बता रहे हैं कि वो एक सफाई कर्माचारी हैं, लेकिन शादी से पहले उन्होंने और उनके परिवार ने झूठ बोला था। जो शादी झूठ की बुनियाद पर हुई हो उसका अंजाम तो ऐसा होना ही था। दूसरी तरफ, आलोक मौर्या का आरोप है कि पीसीएस अधिकारी बनने के बाद ज्योति मौर्या ने उनके साथ बेवफाई की। होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ ज्योति मौर्या का अफेयर है। इस बीच, सोशल मीडिया पर एक महिला का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो अपने पति और ससुराल वालों को जातिसूचक शब्द कहते हुए नजर आ रही है। दावा किया जा रहा है कि ये वीडियो ज्योति मौर्या का है। बरेली में भीम आर्मी ने इस संबंध में शिकायत भी दर्ज कराई है।



# कांवड़ियों के आने-जाने के लिए प्रयागराज बनारस मार्ग का डीसीपी व एसीपी ने किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** के गंगानगर डीसीपी ने कावड़ियों के आने-जाने के लिए बनाए गए प्रयागराज बनारस मार्ग पर कांवड़ियों के मार्ग पर पड़ने वाले प्रमुख मोड़, मंदिरों व विश्रामालयों का निरीक्षण किया बता दें कि गुरुवार को प्रयागराज के डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती एवं एसीपी ट्रैफिक द्वारा पुनः गुरुवार को संयुक्त रूप से प्रयागराज बनारस मार्ग पर कांवड़ियों के आने जाने के मार्ग में हंडिया, माधोपुर, सोरांव व सिकंदरा रोड पर पड़ने वाले प्रमुख मोड़, डायवर्जन प्वाइंट, मंदिरों, विश्रामालय आदि से संबंधित प्रबंध का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित थानाध्यक्ष एवं यातायात निरीक्षकों को उचित प्रबंध हेतु निर्देशित किया। महोदय द्वारा रास्ते में आने जानें वाले कांवड़ियों से उनकी समस्याएं आदि सुनकर निराकरण भी कराया।



# प्रयागराज: रेस्टोरेंट में आधी रात बवाल के बाद चले लात-घूंसे दबंगों ने कर्मचारियों को पीटा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के रेलवे जंक्शन स्टेशन के निकट स्थित रेस्टोरेंट में गुरुवार आधी रात मटन खाने पहुंचे युवकों की रेस्टोरेंट् स्टाफ के साथ झड़प के बात पर ग्राहकों और कर्मचारियों के बीच कहासुनी होने लगी। युवकों का कहना था कि मटन के पीस कम दिए गए हैं जबकि वेटर ने कहा कि हाफ प्लेट में इतने ही पीस मिलते हैं। बात बढ़ती गई बाद जमकर मारपीट हो गई। पहले युवकों ने कर्मचारियों को पीटा और फिर कर्मचारियों ने एकत्र होकर लोगों पर हमला बोल दिया। तीन युवकों को पकड़कर पीटा गया जबकि उनके दो साथी भाग गए। मारपीट कर रहे पांच लोगों को शाहगंज थाने की पुलिस अपने साथ ले गई। गुरुवार रात करीब बजे 12 बजे का वाकया है। शेरे पंजाब रेस्टोरेंट में पांच युवक पहुंचे और खाने में टन रोटी का ऑर्डर दिया। वेटर ने लाकर खाना रखा तो मटन के पीस कम होने की और फिर रेस्टोरेंट ही कर्मचारियों और खाना खाने आए ग्राहकों के बीच मारपीट होने लगी कर्मचारी भारी पड़ने लगे तो खाना खाने आए दो युवक भाग गए जबकि 3 लोगों को कर्मचारियों ने जमकर पीट दिया। बवाल ज्यादा होने पर पहुंची शाहगंज थाने की पुलिस ने मारपीट कर रहे 5 लोगों को पकड़ लिया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में भी मारपीट का घटनाक्रम दिखा है। पुलिस फुटेज से जांच कर रही है कि इस मारपीट के लिए जिम्मेदार कौन है।











# दो महीने बीतने के बावजूद भी कौंधियारा पुलिस नहीं लगा पाई अपहता किशोरी की पता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** जारी चौकी इंचार्ज की मिलीभगत व लापरवाही के बावजूद नहीं मिल सकी लापता किशोरी कौंधियारा थाना ?: जारी चौकी अंतर्गत आने वाले गांव शांति नगर सेमरी प्रयागराज का है मामला- बीते दिनों 08/05/2023 दिन सोमवार समय करीब 11 बजे के आसपास उक्त गांव निवासी अशोक कुमार की बेटी कुमारी सुमन पटेल उम्र 23 वर्ष अपने घर से बैंक में जाने के बहाने घर से निकली और वापसी नहीं हुई। इधर जब शाम हुई तो घरवालों ने खोजबीन शुरू किया लेकिन कहीं कुछ भी पता नहीं लगा। माता पिता ने देर रात जारी चौकी में जाकर अपनी 23 वर्षीय बेटी सुमन की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं माता पिता ने जारी चौकी इंचार्ज से कुछ अंदर की बातें भी शेयर करते हुए बता दिया। तो चौकी इंचार्ज साहब ने माता पिता को ढांढस बंधाया की जल्द ही आपकी बेटी मिल जाएगी। लेकिन चौकी इंचार्ज साहब ने माता पिता को ढांढस बंधाते हुए ऐसा कौन सा गेम खेल गये कि अंदर की बातें जो शेयर हुई थी उसी का फायदा उठाकर चंद रुपयों की लालच में खोजबीन करना ही बंद कर दिया गया। आखिर कार काल डिटेल होने के बावजूद भी नहीं लगा युवती का सुराग। जबसे जारी चौकी इंचार्ज ने लापता युवती के माता पिता को जबाब दिया तबसे लापता युवती के परिजनों ने शोशलमीडिया व न्यूज समाचारपत्रों के माध्यम से प्रकाश में लाने की गुहार लगाई है। और पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों से आग्रह किया है कि अगर इस तरह से बेटियां गायब होती रहेगी तो पुलिस थाना चौकी किस काम का। आखिर युवती को हुआ क्या, क्या आशिक लेकर फरार हो गया, या फिर युवती ने आत्महत्या कर ली। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए एकबार युवती को माता पिता से मिलवाया जाय।



# अटाला में में हुई लूट का का महिला आईपीएस ने पांच घंटे में किया खुलासा, आरोपी हुए गिरिफ्तार



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के अटाला में कल 8 जुलाई को अटाला के पास ई-रिक्शा सवार महिला के साथ मोटरसाइकिल सवार 2 व्यक्तियों द्वारा की गयी लूट की घटना के सम्बन्ध में थाना खुल्दाबाद में मु0अ0सं0 139/23 धारा 392 भादंवि0 पंजीकृत किया गया। थाना प्रभारी सुश्री नीतू (घ्झए.) व उनकी टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे के अन्दर घटना का सफल अनावरण करते हुए 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से लूट का सामान बरामद किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। **गिरफ्तार अभियुक्तगणः-** 1. अली हुसैन उर्फ मोनू पुत्र वसीम 2. मो0 फैजी पुत्र इश्तियाक अहमद समस्त निवासीगण अकबरपुर पुरा मनोहरदास की बगिया थाना करेली प्रयागराज **बरामदगी-** 1. 03 स्मार्ट फोन (01 एप्पल फोन , 01 रियल-मी फोन, 01 ओप्पो फोन) 2. एक लेडीज पर्स रंग स्लेटी 3. एक चेन (पीली धातु) 4. एक जोड़ी कान के टप्स (पीली धातु) 5. 01 नथुनी (पीली धातु) 6. 1350/- रूपये नकद।

# प्रयागराज: आधी-अधूरी तैयारियों पर महाप्रबंधक ने लखनऊ मंडल के अफसरों को लगाई फटकार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज रेलवे स्टेशन की तस्वीर बदलने को लेकर काम लगातार जारी है। शुक्रवार सुबह को एनआर के महाप्रबंधक अधिकारियों से शोभन चौधुरी ने कहा कि दिखाने को तो हवा में ताजमहल भी दिखा सकते हो, हकीकत में भी कुछ होना चाहिए। डीआरएम लखनऊ सुरेश सपरा





शोभन चौधुरी यहां पहुंचे और प्रयाग स्टेशन का निरीक्षण किया। वहां एक और प्लेटफार्म के लिए बनाए गए प्लान में कई खामियां निकाली प्लेटफार्म की लंबाई, चौड़ाई न बता पाने और अधूरी तैयारियों पर नाराजगी व्यक्त की। महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने अधिकारियों को जमकर लताड़ा। उन्होंन अधिकारियों से फटाफट काम निपटाने के निर्देश दिए। समेत अन्य अधिकारी जीएम के सवालों का सीधा जवाब नहीं दे पाए। इस दौरे में महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने सभी तैयारियों का जायजा लिया। महाकुंभ को लेकर प्रयागराज में बनने जा रहे छह रेल ओवर ब्रिज और लेवल क्रासिंग के बंद होने से संबंधित प्लान को लेकर भी सवाल किए। स्टेशनों पर पार्किंग और साफ सफाई की व्यवस्था में सुधार का निर्देश दिया।




# अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियां निःशुल्क ओ-लेवल/सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु 07 जुलाई तक करें आवेदन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों हेतु निःशुल्क ओ-लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनानान्तर्गत निर्गत नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों को निःशुल्क ओ-लेवल/सी0सीसी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु ऑन-लाइन आवेदन निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अनुसार आमंत्रित किया जाता हैः- 1. इस योजना के अन्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले आवेदक की आय सीमा रू0 1,00,0 - (धनराशि रू0 एक लाख) से अधिक नहीं होनी चाहिए। 2. आय एवं जाति प्रमाण पत्र तहसील स्तर से निर्गत होना चाहिए। 3. कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए (10+2) इण्टरमीडिएट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आवश्यक है। 4. प्रशिक्षणार्थी/आवेदक की उम्र 35 वर्ष से अधिक न हों। इच्छुक अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उ0प्र0 की वेबसाइट या पर ऑन-लाइन आवेदन दिनांक 07 जुलाई, 2023 तक किया जा सकता है। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। ऑनलाइन आवेदन के उपरान्त आवेदन की प्रति की प्रिण्ट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलखों/विवरणों (आय/जाति/निवास/आधार कार्ड व अन्य शैक्षिक अभिलेख) को संलग्न करते हुये उसकी हार्ड कॉपी कार्यालय, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कक्ष सं0 75 विकास भवन, प्रयागराज में दिनांक 07 जुलाई, 2023 को सायं 05:00 बजे तक जमा किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, प्रयागराज में सम्पर्क करें।

# डीएम एसपी ने बांदा मंडल कारागार का औचक निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बांदा।** डीएम-एसपी के जेल पहुंचने पर जेल प्रशासन में हड़कंप अधिकारियों ने तमाम बंदियों की बैरकों का किया निरीक्षण मुख्तार अंसारी के बैरक की ली गई सघन तलाशा सीसीटीवी कैमरों का भी अधिकारियों ने किया निरीक्षण मंडल कारागार में निरीक्षण के दौरान भारी पुलिस मौजूद बांदा मंडल कारागार में आज जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने औचक निरीक्षण किया है इस दौरान जहां सभी बैंरकों की तलाशी की गई है तो वहीं माफिया मुख्तार अंसारी के बैरंग में गहनता से जांच की गई है। इस दौरान सीसीटीवी कैमरे के साथ साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों से भी मिले हैं और गहनता से जांच की है। आपको बता दें कि माफिया मुख्तार अंसारी बांदा मंडल कारागार में बंद है।पुलिस प्रशासन द्वारा मंडल कारागार में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं बावजूद उसके समय-समय पर जिले के आला अधिकारी जेल का औचक निरीक्षण करते रहते हैं विगत कई बार मुख्तार अंसारी के बैरक से संदिग्ध चीजें मिली थी जिसको लेकर के प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है आज फिर जिलाधिकारी बांदा दुर्गा शक्ति नागपाल व पुलिस अधीक्षक अभिनंदन की अगुवाई में मंडल कारागार का औचक निरीक्षण किया गया एक संयुक्त टीम जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक के साथ मौजूद थी पूरे जेल का चप्पे-चप्पे का निरीक्षण किया गया है मुख्तार अंसारी के बैरक की गहनता से जांच की गई है आसपास उपस्थित वस्तुओं की सघन चेकिंग की गई है सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों से भी पूछताछ की गई है साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले गए हैं इसके साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था समेत विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर के मंडल कारागार के अधीक्षक से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जानकारी ली है"1- पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह बांदा।





# नगर निगम सफाई कर्मचारियों का हड़ताल हुआ समाप्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** नगर निगम कर्मचारियों का अपनी मांगों को लेकर जहां हड़ताल के चलते सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है वहीं शहर के वार्ड गढ़ी सराय मोहल्ले आदि जगहों पर भीषड़ गन्दगी व्याप्त है जहां एक ओर हड़ताल कि समास्या बनी हुई वहीं दूसरी ओर उक्त मोहल्ले में जाने वाले सड़क पर नाले कि मरम्मत हेतु कई दिनों से गड्ढे खोदने से आने जाने वाले मोहल्ले वासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है उक्त मोहल्ले वासियों में जिसको लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है।महापौर गणेश केसरवानी एवं नगर आयुक्त के द्वारा सफाई कर्मचारियों की सभी मांगों पूरा किया गया सभी मांगों को पूरा होने के पश्चात सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की और उनके द्वारा सभी मांगों को पूरा किए जाने पर उन्होंने महापौर गणेश केसरवानी एवं नगर आयुक्त प्रयागराज और महापौर गणेश केसरवानी के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे भाजपा महानगर उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल के प्रति आभार जताया इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी के मेयर काउंसलिंग की बैठक में गुजरात प्रवास होने के कारण उनके निर्देशानुसार प्रतिनिधि के रूप में भाजपा महानगर उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने हड़ताल को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्होंने नगर निगम के अधिकारी सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप और सभी सफाई कर्मचारियों के प्रति आभार जताया।



# टमाटर 160 रुपए किलोः मंडी समिति ने आधे दाम पर शुरू किया बेचना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** टमाटर की कीमतों में बढ़ोतरी का सिलसिला लगातार जारी है, हर रोज इसका भाव नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। रविवार को बाज़ार में टमाटर का भाव 140 से 160 रुपए किलो था। लोगों को बढ़ते दाम से निजात दिलाने के लिए मुंडेरा मंडी में सस्ते दर पर टमाटर उपलब्ध कराने के लिए स्टाल लगाया गया है। मुंडेरा मंडी समिति की ओर से 75 किलो टमाटर बेचने के लिए स्टाल लगाया गया है। यह स्टाल किसान विश्राम गृह में खोला गया है। यहां पर टमाटर लेने वालों की काफी तादात देखी जा रही है। लेकिन प्रति व्यक्ति एक किलो टमाटर ही दिया जा रहा है। बता दें कि शनिवार को टमाटर के दाम के मुद्दे पर एक महिला सब्ज़ी विक्रेता को बदमाशों ने पीट पीट कर अधमरा कर दिया था। साथ में चार किलो टमाटर भी लूट के गए थे। आरोप है कि ग्राहक 10 रुपए में कुछ टमाटर मांग रहा था। लेकिन महिला ने दाम का हवाला देकर मना कर दिया। इसी मामले पर बहस शुरू हो गयी, जो बाद मारपीट में बदल गयी। आरोपी ने अपने साथियों को बुलाकर मारपीट की और चार किलो टमाटर भी लूटे। पुलिस ने एक को हिरासत में लिया है।



# सोमेश्वर महादेव मंदिर पर कार्यक्रम अधिकारी शुभेंदु घोष के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वाधान में आज दिनांक-09-07-23 दिन रविवार को अरैल स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर कार्यक्रम अधिकारी शुभेंदु घोष के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य हैं, सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों एवं गंगा तटों पर स्वच्छता रखना सभी का कर्तव्य होना चाहिए। आज प्रत्येक क्षेत्रों में संस्थान बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए सहयोगी बनकर हर वर्ग के लोगों की सहायता में तत्पर हैं। इसीलिए निरंतर हम प्रगति के पथ पर अग्रसर है। अध्यक्ष संतोष तिवारी एवं वरिष्ठ सलाहकार श्याम नारायण पाठक ने कहा कि इस संस्था के विस्तार के लिए समाज के लोगों को संस्थान से जुड़कर सहयोगी बनना चाहिए। जिससे हम स्वच्छता के साथ-साथ,सार्वजनिक सामूहिक विवाह एवं गरीब बच्चों की शिक्षा पर भी फोकस कर उनके हितार्थ काम कर सकें। कार्यक्रम में सर्वश्री कुंवर जी तिवारी, मनीष पांडे, सुनील मिश्रा,धीरज यादव, सहदेव चौरसिया,महेश प्रसाद प्रकाश श्रीवास्तव, प्रवीण तिवारी, सोमनाथ मिश्रा, कैलाश दत्ता, दयाशंकर पांडे, धीरज राजवानी, राजेश राठौर, कार्तिकेय तिवारी,परीक्षित त्रिपाठी, केसरवानी,ऋषि दीक्षित, तुलसी तिवारी, विकास मिश्रा, संदीप सिंह, आत्म प्रकाश यादव, बब्रुवाहन सिंह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, ओम उज्जवल यादव, सनी यादव, आर्यन यादव, गौरव यादव, सौरभ यादव, सिद्धि सिंह, अनन्या चौरसिया आदि उपस्थित रहे।



# नगर निगम सफाई कर्मचारियों का हड़ताल हुआ समाप्त

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** महापौर गणेश केसरवानी एवं नगर आयुक्त के द्वारा सफाई कर्मचारियों की सभी मांगों पूरा किया गया सभी मांगों को पूरा होने के पश्चात सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की और उनके द्वारा सभी मांगों को पूरा किए जाने पर उन्होंने महापौर गणेश केसरवानी एवं नगर आयुक्त प्रयागराज और महापौर गणेश केसरवानी के प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे भाजपा महानगर उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल के प्रति आभार जताया इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी के मेयर काउंसलिंग की बैठक में गुजरात प्रवास होने के कारण उनके निर्देशानुसार प्रतिनिधि के रूप में भाजपा महानगर उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने हड़ताल को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्होंने नगर निगम के अधिकारी सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप और सभी सफाई कर्मचारियों के प्रति आभार जताया।



# अल्लापुर मुहल्ले में किराए के मकान पर जान दी है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** रायबरेली एम्स के 30 वर्षीय डाक्टर सुभाष चंद्र यादव ने प्रेम प्रसंग में परेशान होकर गुरुवार को फंदे पर लटककर जान दे दी। मऊआइमा के निवासी सुभाष ने अल्लापुर मुहल्ले में किराए के मकान पर जान दी है। उन्होंने अपने सुसाइड नोट में प्रेमिका चंद्रप्रभा और उसके भाई शिवराज यादव को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। जार्जटाउन पुलिस ने डाक्टर के पिता अभिमन्यु यादव की तहरीर और सुसाइड नोट के आधार पर प्रेमिका, उसके भाई व घरवालों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा कायम किया है। आरोपित बीरपुर करछना के निवासी हैं। चंद्रप्रभा स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय की नर्स बताई गई है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।



# रहस्यमय तरीके से ट्रक में लगी आग आधार ट्रक जलकर हुआ खाक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज थाना थरवई क्षेत्र के अंतर्गत देवरिया ग्राम सभा कटिया ही नदी के पुल के ऊपर नेशनल हाईवे पर रहस्यमय तरीके से ट्रक में आग लग गई ट्रक चालक ने जिसकी सूचना फायर विकेट को दीया मौके पर फायर विकेट के जवानों ने ट्रक को पूरा जलने से बचाया स्थानीय लोगों से बातचीत करने पर पता चला कि यह ट्रक कोलकाता से खाली बीयर की बोतलें लोड कर फिरोजाबाद जा रहा था आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है मौके पर ट्रक चालक को पूछताछ के लिए थाने ले गई थाना थरवई पुलिस।



# प्रयागराज में पति ने पत्नी को कराया नर्सिंग का कोर्स, अब सारे गहने, पैसे लेकर प्रेमी संग हुई फरार



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सहसों बाजार में फिजियोथैरेपी सेंटर चलाने वाले केशव प्रसाद पटेल सराय इनायत थाने में अपने 5 साल के बेटे को लेकर पहुंचे और पुलिस के सामने दुखड़ा रोया कि उनकी पत्नी प्रियंका पटेल सारे गहने पैसे लेकर अपने प्रेमी के साथ चली गई है। कैंसर ने पुलिस को बताया कि उत्तरांव इलाके की प्रियंका पटेल से उनका 2017 में विवाह हुआ था। उन्होंने उसे बीएससी की पढ़ाई कराई फिर शहर के एक संस्थान से नर्सिंग का कोर्स कराया इस बीच बेटा हुआ जो 5 साल का है 21 जून को दोपहर में प्रियंका अचानक घर से निकली और फिर लौटी नहीं।




# नाम एव अस्थान बदल कर चलाए जारहे है अवैध हास्पिटल स्वास्थ्य विभाग के कुछ लोगो का मिल रहा है सपोट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** जनपद में अवैध अस्पतालों व नीम-हकीमों की जड़ें इतनी मजबूत हो चुकी हैं कि मुकदमा दर्ज कराने के बाद भी नाम




व स्थान बदलकर इनका धंधा फल-फूल रहा है। अंकुश लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से किए जा रहे तमाम जतन इनके सामने बौने दिखाई पड़ रहे हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में फैले इनके मकड़जाल को काट पाना दूर-दूर तक संभव नहीं दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में जहां मरीजों का आर्थिक शोषण हो रहा है, वहीं उन्हें अपनी जान भी गंवानी पड़ रही है। अगर स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो पांच वर्षों से अब तक 102 बिना पंजीयन अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों, नीम-हकीम व पैथालाजी केंद्रों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ मुकदमा भी दर्ज कराया गया। इसके बाद भी शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में इनका काम जस का तस चल रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि इनके इस धंधे में विभाग की योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने की जिम्मेदारी जिन कंधों पर है, वही कमीशन के चक्कर में मरीजों को यहां तक पहुंचाने का काम करती है। इसका खुलासा भी छापेमारी के दौरान मिले डायरी व कागजातों से हो चुका है। छानबीन के दौरान अपने विभाग के लोगों का नाम मिलने के बावजूद महकमें के जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ जांच का आश्वासन देकर अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं। ऐसे में इनके चंगुल से आम जनों का बच पाना संभव नहीं हो पाता है।

# प्रोजेक्ट मिलन के तहत परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को मिली बड़ी सफलता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** काउंसिलिंग के माध्यम से 06 बिछड़े दम्पत्तियों को मिलाया गया पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में जनपद में चलायें जा रहे प्रोजेक्ट मिलन में महिला परिवार परामर्श केन्द्र मीरजापुर को बड़ी सफलता मिली है । जनपद मीरजापुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 06 बिछड़े दम्पत्तियों को परिवार परामर्श केन्द्र में हुयी काउन्सिलिंग के माध्यम से एक साथ रहने हेतु राजी कर लिया गया। उक्त विवाहित दम्पत्ति विभिन्न कारणों से अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केन्द्र, मीरजापुर में प्रोजेक्ट मिलन काउंसिलिंग में होने वाली समस्त कार्यवाही के दौरान परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी म0उ0नि0 शशि तिवारी, उ0नि0 लालमणी सेठ तथा सदस्यगण श्रीमती निर्मला राय, डा0कृष्णा सिंह आदि उपस्थित रहे।



# परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर के लापरवाही कि वजह से एक मासूम बच्ची की गई जान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र मधुपुर।** वहीं परिजनों ने बताया 4 दिन से डॉक्टर साहब लगातार कर रहे थे इलाज वहीं परिजनों के द्वारा बताया गया डॉक्टर साहब के द्वारा हमेशा बाहर से ही दवाइयां लिखी जाती है सूत्रो की माने तो बड़े पैमाने पर चल रहा है कमीशन का खेल पैथोलॉजी से




लेकर मेडिकल स्टोर तक आपको बताते चले कि ग्रामसभा गढईगांव निवासी शशि कुमार व उनकी पत्नी शनिवार कि सुबह अपनी 1 साल की मासूम को लेकर के इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मधुपुर आए जहां पर डॉक्टर ने डायरिया बताते हुए कुछ दवाइयां बाहर से लिखकर दिए और बोले जाओ इतने में बच्ची ठीक हो जाएगी लेकिन बच्ची ठीक होने की की जगह करीब 12:00 तक बच्चे में सुधार नहीं आया बल्कि स्वास्थ्य बिगड़ता गया फिर बच्ची को सीएससी मधुपुर लेकर परिजन पहुंचे तो डॉक्टर साहब नदारद मिले तो वहीं फार्मासिस्ट के द्वारा बताया गया डॉक्टर साहब कमरे में आराम कर रहे हैं डॉक्टर साहब के रूम पर जाकर कई बार दरवाजा खुलवाने के लिए प्रयास किया गया तो डॉक्टर साहब द्वारा कहा गया चलो आते हैं फिर भी आधे घंटे तक अपने मासूम को गोद में लिए मां-बाप बैठे रहे मासूम जिंदगी और मौत से लड़ती रही आखिरकार हुआ वही मासूम जिंदगी की जंग हार गई मगर सवाल यह उठता है कि अगर बच्ची को समय रहते सही इलाज दिया गया होता तो शायद मासूम की जान बचाई जा सकती थी लेकिन यह मामला कोई नया नहीं आए दिन इस तरह की घटनाएं देखने को मिलती रहती है अब देखना यह है कि क्या स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारी मामले को गंभीरता से लेते हुए ऐसे लापरवाह डॉक्टरों के ऊपर किस तरह की कार्रवाई करते हैं या फिर ऐसे ही मासूमों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ होता रहेगा।

# सरकारी योजनाओं के बुनियादी नागरिक सुविधाओं के नोडल अधिकारी ने किया आकलन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर ।** अपर जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के साथ कई योजनाओं का किया



स्थलीय निरीक्षण मीरजापुर 08 जुलाई 2023- सरकार द्वारा नामित किए गये नोडल अधिकारी निदेशक सूडा डा0 अनिल कुमार पाठक ने नगरीय निकायों में सरकारी योजनाओं के बुनियादी नागरिक सुविधाओं के संचालित योजनाओं के निरीक्षण के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अंगद गुप्ता एवं गंगा प्रदूषण के अधिकारियो के साथ नगर पालिका के कई योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी के नेतृत्व निकली टीम ने एमआरएफ सेंटर, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, डंगहर में बने प्रधानमंत्री आवास, विशालपूरी कालोनी में डोर टू डोर कलेक्शन, अमृत योजना के अंतर्गत बन रहे महावीर पार्क का निरीक्षण किया। टीम ने डंगहर में बने आवास के लाभार्थियों से मुलाकात की। एमआरएफ सेंटर में कूड़े का निरीक्षण कर कूड़े के पृथक्करण का निरीक्षण कर अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके बाद अमृत योजना के अंतर्गत बन रहे महावीर पार्क का निरीक्षण कर पार्क का पूरा निर्माण जल्द से जल्द करने के लिए निर्देशित किया। टीम द्वारा लालडिग्गी स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान निदेशक सूडा ने वाटर सप्लाई की जानकारी ली। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने कहा की अभी आठ वार्डो में पानी की सप्लाई की जा रही है। उन्होने ने कहा की जल्द से जल्द कार्य पूरा कर नगर के सभी वार्डो में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए एवं वार्डो में साफ सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त किया जाए। निदेशक सूडा ने कहा कि आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के दृष्टिगत विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया गया एवं सर्वेक्षण से पहले सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए, जिससे निकाय की रैंकिंग में और सुधार हो सके।

# पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ बैठक कर दिया दिशा-निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर ।** प्रधानमंत्री के वाराणसी में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत मीरजापुर से पीएम आवास व स्वनिधि योजनाओं के लाभार्थियों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए परिवहन एवं सुरक्षा हेतु जिलाधिकारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनपद वाराणसी में दिनांक 07 जुलाई 2023 को कार्यक्रम में जनपद मीरजापुर के प्रधानमंत्री आवाास, स्वानिधि योजना के लाभार्थियो का भी जाना प्रस्तावित हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र द्वारा सम्बन्धित विभाग यथा अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, डी0आर0डी0ए0, स्वास्थ्य विभाग, पी0ओ0 डूडा, आर0टी0ओ0 के साथ लाभार्थियो



के जाने हेतु की जा रही तैयारियों के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि लाभार्थियो को जाने में कोई समस्या न हो इसके लिये रूट चार्ट की प्लानिंग की जाय। उन्होने कहा कि लाभार्थियो के जल पान की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए लाभार्थियो की सुरक्षा का ख्याल रखा जाए ताकि वे सुगमता से जाकर पुनः अपने घर वापस आ सके। लाभार्थियो की देख रेख हेतु सम्बन्धित विभाग का कोई एक अधिकारी व प्रत्येक दस एक एक पुलिस की भी ड्यूटी लगाई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक श्रीकान्त प्रजापति, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, परियोजना अधिकारी डूडा प्रतिभा श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0 अनय मिश्रा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी उपस्थित रहें।

# जन अधिकार पार्टी की मासिक बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रावर्ट्सगंज।** नगवा बाध की नहर में पानी छोड़े जाने की मांग सोनभद्र जन अधिकार पार्टी सोनभद्र की




मासिक बैठक रावर्ट्सगंज स्थित सिचाई डाक बंगला में जिला प्रभारी श्रीपति विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री सुमन्त सिंह मौर्य मण्डल प्रभारी वाराणसी ने कहा कि कार्यकर्ता गांव गांव चौपाल लगाकर लोगो को जन अधिकार पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए , सरकार की जन विरोधो नीतियों से भी आमजन को अवगत कराएं जिससे आम जनता डबल इंजन के सरकार की कथनी और करनी को समझ सके इसके साथ ही मुख्य अतिथि ने नगवा बाध से निकली नहर में 15 जुलाई 2023 से पानी छोड़े जाने की मांग किया । किसानों के धान की नर्सरी लगभग तैयार हो चुकी है नहर में पानी छोड़े जाने से किसान अपने मुख्य फसल धान की रोपाई समय से कर लेंगे जिससे पैदावार अच्छी होगी । निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष भागीरथी सिंह मौर्य ने बताया कि जन अधिकार पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 02 व 03 सितम्बर 2023 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में होना सुनिश्चित है परंतु अधिवेशन में वही ब्यक्ति भाग ले सकेगा जो पार्टी का सक्रिय सदय होगा इसलिए पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील है कि अविलम्ब सक्रिय सदस्य बन जाए जिलाध्यक्ष आदित्य मौर्य बताया कि जन अधिकार पार्टी का प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन दिनांक 15 जुलाई 2023 को लखनऊ के कैसरबाग स्थित गांधी सभागार भवन में सम्पन्न होना है जिसमे जिला इकाई, विधानसभा इकाई के साथ अनुशांगिक संगठनों के पदाधिकारियों को सम्लित होना आवश्यक है ।बैठक में मंगला प्रसाद मौर्य , अनिल सिंह मौर्य, जय सिंह, रामराज बिंद, शिवनरायन, चन्द्रशेखर आजाद, चन्द्रिका सिंह, अनुरुद्ध सिंह, बंशीलाल, चन्द्रमा सिंह सहित अनेको लोग मौजूद रहे ।

# अभाविप के 75वें स्थानपा दिवस पर जरूरतमंद बच्चों में पाठ्य सामग्री का किया गया वितरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला सोनभद्र।** विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 वें स्थापना कॉपी, पेंसिल, किताब आदि वितरण कराया गया। परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता सौरभ सिंह पंकज ने कहा कि हर बच्चा शिक्षित होगा तभी करती रहेगी। पाठ्य सामग्री पाकर सभी लाभार्थी बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल गई। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व नगर मन्त्री आशीष




दिवस के उपलक्ष में डाला नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री आकाश पटेल के नेतृत्व में स्थानीय मलिन बस्ती में जाकर जरूरतमंद बच्चों को समाज जागरूक होगा और आज के बच्चे कल देश का भविष्य बनेंगे, अर्थात शिक्षित समाज की स्थापना करने का कार्य विद्यार्थी परिषद सतत आग्रहरी, श्याम पाठक, अमित शर्मा, हिमांशु गुप्ता, विक्की, हिमांशु आग्रहरी, अनुज, विकाश जैन, आकाश यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में जनपद के लाभार्थियों के साथ बैठक कर की गयी चर्चा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनपद वाराणसी में दिनांक 07 जुलाई 2023 के कार्यक्रम में जनपद




मीरजापुर के प्रधानमंत्री आवाास, स्वानिधि योजना के लाभार्थियो का भी जाना प्रस्तावित हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों एवं लाभार्थियो के साथ बैठक की गयी। जिलाधिकारी ने लाभार्थियों से कहा कि वे निश्चित होकर जाये किसी को भी किसी प्रकार समस्या आए तो सम्बंधित अधिकारी को अवगत करायें, उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी मदद के लिए लाभार्थियों के साथ रहेंगे । सभी के आने जाने हेतु व्यवस्थाए पूर्ण करा ली गयी हैं।

# दुद्धी थाना के थानाध्यक्ष बनाए गए नागेश कुमार सिंह, सुभाष चंद्र राय का हुआ जिला मुख्यालय पर स्थानांतरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** (दुद्धी) दुद्धी के नए थानाध्यक्ष बनाए गए नागेश सिंह ,इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र का हुआ करने का कार्य विद्यार्थी परिषद सतत करती रहेगी। पाठ्य सामग्री पाकर सभी लाभार्थी बच्चों के चेहरों पर मुस्कान खिल गई। इस दौरान



क्राइम ब्रांच जनपद मुख्यालय पर स्थानांतरण आप को बताते चले कि नागेश कुमार सिंह जनपद सोनभद्र के शक्तिनगर रायपुर के बाद अनपरा थानाध्यक्ष के पद पर तैनात थे नागेश सिंह का क्षेत्र में लोगों से काफी जुड़ाव व लगाव रहता है जिस भी थाने पर इन्होंने सेवा दिया है।।। परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता सौरभ सिंह पंकज ने कहा कि हर बच्चा शिक्षित होगा तभी समाज जागरूक होगा और आज के बच्चे कल देश का भविष्य बनेंगे, अर्थात शिक्षित समाज की स्थापना प्रमुख रूप से पूर्व नगर मन्त्री आशीष वहां के लोग इन्हें हमेशा याद करते हैं ।नागेश कुमार सिंह का स्वभाव में मृदुभाषी मिलनसार एवं पुलिस व जनता के बीच मित्रवत व्यवहार बनाए रखते हैं ।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ यशवीर सिंह ने लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन रखने हेतु दुद्धी थाने की कमान अब नागेश कुमार सिंह को सौंपी है। दुद्धी कोतवाली में लंबे समय से तैनात ईनामुलहक उपनिरीक्षक का भी स्थानांतरण कर रामपुर बरकोनिया हुआ।

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में वैदिक गणित पर राष्ट्रीय कार्यशाला प्रारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)** झाँसी। भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन



से ही राष्ट्रीय पुनर्निर्माण संभव है। इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षाविद भारतीय ज्ञान परंपरा की अलख को शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से सभी स्तर के छात्रों तक पहुंचाएं। उक्त विचार शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव अतुल भाई जी कोठारी ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी एवं न्यास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जा रही तीन दिवसीय वैदिक गणित राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में व्यक्त किए। मुख्य अतिथि के रूप में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए 50 से अधिक गणित के शिक्षाविदों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की वैदिक गणित को स्नातक एवं परास्नातक के साथ ही सर्टिफिकेट कोर्स में पाठ्यक्रम के रूप में सम्मिलित करने की आवश्यकता है। वर्तमान में हम वैदिक गणित के केवल 5 प्रतिशत ज्ञान तक ही पहुंच पाए हैं। आगामी एक दशक में अगर प्रयास किए जाएं तो भारत पुनः तकनीकी शिक्षा में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सकेगा। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अतुल जी भाई का धन्यवाद करते हुए कहा कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने इस राष्ट्रीय कार्यशाला के लिए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को चुना इसके लिए वह अभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति कौशल विकास, भारतीय ज्ञान परंपरा, चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास आदि अनेक विषयों पर आधारित है। जिससे छात्र केवल किताबी ज्ञान ना ग्रहण करते हुए व्यवहारिक ज्ञान को भी प्राप्त करें। विशिष्ट अतिथि सुरेश गुप्ता ने बताया कि न्यास की स्थापना पूर्व की सरकारों द्वारा शिक्षा में किए गए बदलावों के विरोध में शिक्षा बचाओ आंदोलन के रूप में सामने आई एवं 2007 के बाद से ही विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम तैयार करने एवं भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित शिक्षाविदों के निर्माण के लिए प्रयासरत हैं। कार्यशाला की पृष्ठभूमि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, पुणे के डॉ श्रीराम चौथाईवाले ने प्रस्तुत की। उद्घाटन सत्र में इसके साथ ही महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय कैथल के पूर्व कुलपति प्रोफेसर श्रेयांश द्विवेदी एवं वित्त अधिकारी वसी मोहम्मद ने अपने उद्बोधन मे वैदिक गणित के विभिन्न प्राचीन सिद्धांतो के प्रति पादन पर प्रकाश डालते हुए उनके अनुप्रयोग का विस्तृत वर्णन किय। वैदिक गणित का शोध अध्ययन केंद्र बनाए जाने की आवश्यकता बताई। अतिथियों का स्वागत कार्यशाला के संयोजक प्रोफेसर अवनीश कुमार एवं आभार आयोजन सचिव डॉ कौशल त्रिपाठी ने व्यक्त किया। डॉ इरा तिवारी ने संचालन किया है। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सह संयोजक राकेश भाटिया, डॉ धर्मेंद्र बादल डॉक्टर ममता सिंह डॉ राहुल शुक्ला डॉक्टर बी एस भदौरिया डॉ अनुपम व्यास डॉ संजीव श्रीवास्तव के साथ विभिन्न राज्य जिनमे हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक,तेलंगाना, तमिल नाडु गुजरात, केरल, आदि से अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे।

# शरत, मनिका एशियाई खेलों में करेंगे भारतीय टीम की अगुआइ

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** शरत कमल और मनिका बत्रा सितंबर-अक्टूबर में होने वाले हांगझोउ एशियन गेम्स में भारत की 10 सदस्यीय टेबल टेनिस टीम की अगुआई करेंगे, जिसमें उनका लक्ष्य पिछले चरण के ऐतिहासिक प्रदर्शन की बराबरी करने का होगा। जकार्ता में पांच साल पूर्व पिछले एशियाई खेलों में भारतीय दल का टेबल टेनिस स्पर्धा में पदक जीतने का 60 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ था टीम ने पुरुष और मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया था। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआइ) की सीनियर चयन समिति ने कोरिया के पेयोंगचांग में आगामी 26वीं एशियाई चैंपियनशिप और चीन के हांगझोउ में 19वें एशियाई खेलों के लिए 10 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें पांच पुरुष और पांच महिला खिलाड़ी शामिल हैं।टीम ने पुरुष और मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन किया था। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआइ) की सीनियर चयन समिति ने कोरिया के पेयोंगचांग में आगामी 26वीं एशियाई चैंपियनशिप और चीन के हांगझोउ में 19वें एशियाई खेलों के लिए 10 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें पांच पुरुष और पांच महिला खिलाड़ी शामिल हैं कोरिया में एशियाई चैंपियनशिप तीन से 10 सितंबर तक खेली जाएगी जबकि एशियाई खेल 24 सितंबर से दो अक्टूबर तक आयोजित होंगे।शरत का यह अंतिम एशियाड होने की संभावना है, वह जी साथियान, हरमीत देसाई, मानव



ठक्कर और मानुष शाह के दल की अगुआई करेंगे। वहीं मनिका युवा महिला टीम की जिम्मेदारी संभालेंगी, जिसमें श्रीजा अकुला, सुतिर्था मुखर्जी, अयहिका मुखर्जी और दिया चिताले शामिल हैं। एशियाई खेलों में प्रत्येक लीग के लिए दो सिंगल्स प्रविष्टियों को ही अनुमति मिलती है, जिससे चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों की ख्याति, अनुभव और विश्व रैंकिंग अंक को देखते हुए पुरुष एकल में शरत, साथियान और महिला एकल में मनिका और श्रीजा को शामिल किया है।

# रोमांचक मोड़ पर पहुंची महीला टीम, मेजबानों का कमाल, टी-२० सीरीज पर किया कब्जा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड में इन दिनों एशेज सीरीज खेली जा रही है। जहां एक तरफ पुरुष टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही है तो दूसरी ओर महिला टीम के बीच भी मल्टी फॉर्मेट टूर्नामेंट में कांटेदार टक्कर देखने को मिल रही है। पुरुष टीम में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी नजर आ रहा है तो महिलाओं के एशेज में इंग्लैंड टीम मजबूत दिख रही है। बता दें कि महिला एशेज का नतीजा टेस्ट, टी-20 और वनडे सीरीज के आधार पर निकलता है। ऐसे में मौजूदा सीरीज के एकमात्र टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को हराकर बढ़त बनाई थी, वहीं इंग्लैंड ने शनिवार को कंगारू टीम को 5 विकेट से हराया और टी-20 सीरीज पर कब्जा कर सीरीज में बराबरी कर ली है।बता दें कि इंग्लैंड महिला टीम ने मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। टीम की तरफ से सबसे ज्यादा रन एलिस पेरी के बल्ले से निकल एलिस ने 25 गेंदों पर 34 रन बनाए। कंगारू टीम की तरफ से कोई खिलाड़ी 50 रन का आंकड़ा तो नहीं छू सकी, लेकिन तीन खिलाड़ियों ने 30 रन का आंकड़ा जरूर पार किया। मैच में बारिश ने दस्तक दी और खेल में खलल डाला। बारिश की वजह से इंग्लैंड को 14 ओवर में 119 रन बनाने का लक्ष्य मिला, जिसे इंग्लैंड महिला टीम ने 13.2 ओवर में ही 5 विकेट शेष रहते ही हासिल कर लिया। इंग्लैंड की तरफ से ऐलिस कैप्सी ने 23 गेंदों पर 46 रन की पारी खेली। वह अर्धशतक जड़ने से महज 4 रन से चूक गई। उनकी इस पारी में कुल 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। उनके अलावा सिवर ब्रंट ने 25 और डेनिएल वायट ने 26 रन की पार खेली।




# धमाकेदार पारी खेलने के बाद रहमानुल्लाह गुरबाज ने किया खुलासा, बताया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के स्टार ओपनिंग बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने बताया कि कैसे उनके खेल में बदलाव ने उन्हें दूसरे वनडे में तूफानी शतक ठोका। उनकी



दमदार पारी की बदौलत उनकी टीम को बांग्लादेश के मैदान पर अपनी पहली वनडे सीरीज जीत दर्ज करने में मदद मिली। गुरबाज ने 125 गेंद पर 145 रन की पारी खेली। मैच के बाद उन्होंने खुलासा किया कि कैसे उनके दृष्टिकोण में एक साधारण बदलाव ने उन्हें एक महत्वपूर्ण मैच में स्कोर करने में मदद की। उन्होंने कप्तान और कोच को भी धन्यवाद दिया क्योंकि उन्होंने गेंदबाजों पर दबाव नहीं बनने दिया। ईएसपीएन क्रिकइन्फो से बात करते हुए गुरबाज ने कहा, ठतीन-चार पारियों के बाद, मैं मुश्किल स्थिति में था, मेरा प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं था, लेकिन मैं कप्तान और कोच को धन्यवाद कह सकता हूं। उन्होंने मुझे बहुत समर्थन और आत्मविश्वास दिया। मुझ पर कोई दबाव नहीं था। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी। मैंने परिस्थितियों को पढ़ा और फिर यह मेरे लिए आसान था। मुझे लगता है कि इसका श्रेय उन्हें जाता है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के हवाले से गुरबाज ने कहा, ठजादरान ने भी जिस तरह से खेला, वह अच्छी फॉर्म में है और वह बहुत अच्छा खिलाड़ी है। उससे बहुत समर्थन मिला।

# ऑटोग्राफ मांगने आई फैन पर फिदा हो गए थे गावस्कर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के लिटिल मास्टर कह जाने वाले सुनील गावस्कर कल यानी 10 जुलाई को अपना 74वां जन्मदिन मना रहे है। बता दें कि अपनी बल्लेबाजी से फैंस के दिलों पर राज करने वाले गावस्कर खुद अपनी एक फैन के प्यार में क्लीन बोल्ड हो गए थे। ाता दें कि एक मैच में गावस्कर से ऑटोग्राफ मांगने आई एक लड़की पहली नजर में ही लिटिल मास्टर को पसंद आ गई थी और उन्होंने उसके बाद उस लड़की को प्रपोज कर अपना हमसफर बनाया। आइए जानते हैं कैसे गावस्कर ने कैसे अपनी फैन से शादी रचाई। दरअसल, क्रिकेटर्स और फिल्मी सितारों की लव स्टोरी बेहद ही दिलचस्प रहती है और फैंस इनकी प्रेम कहानी जानने की हमेशा स बेताब रहते है। 10 जुलाई यानी कल सुनील गावस्कर अपना 74वां जन्मदिन मनाएंगे। ऐसे में उनकी लव स्टोरी की काफी चर्चा हो रही है। बता दें कि सुनील गावस्कर की लव स्टोरी अलग ही रही। वह अपनी फैन से ही इश्क कर बैठे।गावस्कर की पत्नी का नाम मार्शलीन मल्होत्रा है जो उत्तर प्रदेश के कानपुर से ताल्लुक रखती है। दोनों की पहली मुलाकात साल 1973 में हुई थी। उस समय मार्शलीन मैच देखने और गावस्कर को सपोर्ट करने के लिए स्टेडियम आई थी। मैच में लंब ब्रेक के दौरान सुनील गावस्कर को स्टूडेंट्स गैलरी में खड़े होता देख वह उनसे ऑटोग्राफ मांगने गई और ये कहा जाता है कि पहली नजर में ही गावस्कर मार्शलीन पर दिल हार बैठे थे।इसके बाद गावस्कर ने मार्शलीन का पता लगाया और उनसे मिलने के लिए कानपुर का सफर तक तय किया। इसके बाद उन्होंने कानपुर में मार्शलीन को उनके घर वालों के सामने ही प्रपोज किया।एक टेस्ट मैच में मार्शलीन का पूरा परिवार मैट देखने के लिए स्टेडियम पहुंचा था और उस मैच के बाद उन्होंने परिवार के सामने मार्शलीन को प्रपोज किया और पूरे परिवार वालों की रजामंदी के साथ गावस्कर ने 23 सिंतबर, 1974 को अपनी फैन से ब्याह रचा लिया।






# वेस्टइंडीज टीम को मिला नया कोच

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** शेन डिटज को वेस्टइंडीज महिला टीम का मुख्य नियुक्त किया गया है। वह नीदरलैंड महिला टीम के मुख्य कोच के पद पर तैनात थे। डिटज महिला सीपीएल से पहले अगस्त के अंत में अपनी नई भूमिका शुरू करेंगे। वेस्टइंडीज टीम के कोच के पद पर रह चुके हैं, जिसने 2022 में वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन इस साल की शुरुआत में टी20 संस्करण के नॉकआउट में जगह बनाने में असफल रही। डिटज ने कहा, ठवेस्टइंडीज क्रिकेट में पुरुष और दुनिया और हमें उस अंतर को पाटने और भविष्य में विश्व कप के लिए चुनौती देने के लिए फिर से प्रतिस्पर्धी बनने की जरूरत है।ठडिटज मार्च 2021 में नीदरलैंड्स की महिला टीम के पूर्णकालिक कोच बने। उनकी वनडे रैंकिंग 12 और टी20घ्



साथ ही अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए टीम के साथ उनकी पहली नियुक्ति होगी। शेन डिटज दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं, जिन्होंने 1998 और 2008 के बीच 66 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। उन्होंने 27 लिस्ट ए गेम्स और दो टी20 में भी हिस्सा लिया है। वह एक दशक से अधिक समय से कोचिंग दे रहे हैं। 2013-14 में बांग्लादेश महिला टीम के मुख्य कोच थे। उन्होंने महिला दोनों का मनोरंजक क्रिकेट खेलते हुए सफलता का एक बड़ा इतिहास रहा है और मेरा लक्ष्य उस फॉर्मूले को जारी रखना है। टीम में विश्व स्तरीय वरिष्ठ खिलाड़ियों और कुछ प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों का शानदार मिश्रण है, जो आगे बढ़ने के लिए एक अच्छा शुरुआती बिंदु है। हमें अभी बहुत काम करना है, हालांकि वास्तविकता यह है कि हम शीर्ष कुछ टीमों से पीछे हैं। रैंकिंग 18 पर पहुंच गई। नीदरलैंड्स वर्तमान में 2025 वनडे विश्वकप के लिए यूरोपीय क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा है। बता दें कि वेस्टइंडीज में उन्होंने कर्टनी वॉल्श का स्थान लिया, जिनका अनुबंध टीम के प्रदर्शन की समीक्षा के बाद नवीनीकृत नहीं किया गया था। सहायक कोच रॉबर्ट सैमुअल्स और कोरी कोलीमोर का अनुबंध भी नहीं बढ़ाया गया।

## वेस्टइंडीज में गूंजेगा विराट कोहली के बल्ले का शोर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज 12 जुलाई से होने जा रहा है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार को भुलाकर टीम इंडिया कैरेबियाई दौरे पर अपना दमखम जरूर दिखाना चाहेगी। वहीं, हर किसी की निगाहें विराट कोहली के प्रदर्शन पर भी टिकी होंगी। विराट को वेस्टइंडीज की धरती बेहद रास आती है और उनका बल्ला जमकर बोलता है। पूर्व भारतीय कप्तान के पास पहले ही टेस्ट में वीरेंद्र सहवाग और रवि शास्त्री को खास मामले में पीछे छोड़ने का भी सुनहरा मौका होगा।


# रोहित और कोहली को टी20 टीम से बाहर करने पर भड़के सौरव गांगुली, कहा- 'अभी दोनों में बचा है बहुत क्रिकेट'

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने रोहित शर्मा और विराट कोहली को वेस्टइंडीज के आगामी दौरे के लिए भारत की टी20 टीम से बाहर करने पर अपने विचार साझा किए। सौरव गांगुली ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों के पास अभी टी20 क्रिकेट बचा हुआ है।बता दें कि रोहित और विराट वनडे और टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होंगे, लेकिन टी20 सीरीज में वे शामिल नहीं होंगे। हार्दिक पंड्या भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे।दोनों हैं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी'गांगुली ने रेव स्पोर्ट्ज से बात करते हुए कहा कि अंत में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुना जाना चाहिए और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दोनों खिलाड़ी भारतीय टीम में मौजूद हैं या नहीं। गौरतलब हो कि दोनों टीमें पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेंगी। पहला मैच 3 अगस्त को ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद में खेला जाएगा।गांगुली ने कहा, ठअपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनें, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कौन हैं। मेरी राय में, विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों के पास अभी भी ऊ20घ् क्रिकेट में जगह है और मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि एक कोहली या रोहित ऊ20घ् क्रिकेट क्यों नहीं खेल सकते। अगर आप मुझसे पूछें, कोहली आईपीएल में शानदार फॉर्म हैं और दोनों की टी20 क्रिकेट में जगह है।''उन्होंने आगे बेयरस्टो के आउट होने पर चर्चा की। गांगुली ने पूरे घटनाक्रम पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा, ठइसे टाला जा सकता था। ऑस्ट्रेलिया ऐसा कर सकता था। नियमों के अनुसार, वह आउट थे, क्योंकि वह क्रीज से बाहर चले गए थे, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह रन लेने की कोशिश कर रहे थे।भारत की टी20 टीमः ईशान किशन (विकेटकीपर), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (कप्तान), अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, अवेश खान, मुकेश कुमार।





# राशिफल



**मेष-**:तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-**:जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-**:क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-**:आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-**:आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-**:प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-**: जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

**वृश्चिक-**:छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-**:इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-**:लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-**:भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-**:आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।






# वेस्टइंडीज में मस्ती करते हुए दिखे शुभमन गिल और ईशान किशन, सोशल मीडिया पर शेयर की खूबसूरत तस्वीर

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल और विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन की दोस्ती किसी से छुपी हुई नहीं यहां, टीम दो टेस्ट मैच, तीन मैच की वनडे सीरीज और पांच टी20 मैच की सीरीजी खेलेगी। भारतीय टीम 12 जुलाई से पहला टेस्ट मैच खेलेगी। वहीं, मैच से पूर्व टीम ने गिल ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ फोटो पोस्ट कर दी है। दोनों एक रेस्टरेंट में सूशी का जायका लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। शुभमन गिल ने कैप्शन में लिखा- 'प्रमाणित



हैं। दोनों भारतीय टीम का हिस्सा हैं और इस वक्त वेस्टइंडीज दौरे पर हैं। यहां, एक रेस्टोरेंट में सूशी खाते हुए दोनों ने फोटो शेयर किया है, जिसे फैंस के बीच खूब पंसद किया जा रहा है। भारतीय टीम इस वक्त वेस्टइंडीज दौरे पर है। प्रैक्टिस मैच खेला। साथ ही खिलाड़ी कैरेबियाई देश में खूब मस्ती करते हुए देखे जा रहे हैं। दरअसल, शुभमन गिल और ईशान किशन भारतीय टीम का हिस्सा हैं। दोनों वेस्टइंडीज में खूब मस्ती कर रहे हैं। इसकी बानगी शुभमन सुशी प्रेमी' हैं। बता दें कि शुभमन गिल ने आईपीएल 2023 में धमाकेदार प्रदर्शन किया था। शुभमन गिल ने 17 मैच में 890 रन बनाए। इस दौरान शुभमन गिल ने 3 शतक लगाए। साथ ही 4 अर्धशतक भी जड़े। वहीं, ईशान किशन ने मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए 15 मैच में 454 रन बनाए। इसमें तीन अर्धशतक भी शामिल हैं। टेस्ट टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल , ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, यशस्वी जयसवाल, अजिंक्य रहाणे (उपकप्तान), वे.एस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल , मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट और नवदीप सैनी। वनडे टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शार्दुल ठाकुर, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, जयदेव उनादकट, मो. सिराज, उमरान मलिक और मुकेश कुमार। टी20 टीमः ईशान किशन (विकेटकीपर), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (कप्तान), अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, अवेश खान और मुकेश कुमार।

## सम्पादकीय

# सभी अखाड़ों के सन्तों से समन्वय स्थापित करते हुए महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत

मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत एवं अपर पुलिस महानिदेशक श्री भानु भास्कर की अध्यक्षता तथा मेलाधिकारी, कुम्भ मेला, श्री विजय किरन आनंद की उपस्थिति में आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की प्रथम बैठक सम्पन्न हुयी। सर्वप्रथम सभी उपस्थित महात्माओं का स्वागत करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका अभिवादन किया तथा महाकुम्भ - 2025 को भव्य बनाने के दृष्टिगत क्रियान्वित की जा रही विभिन्न परियोजनाओं के बारे में संक्षिप्त में बताया। मेलाधिकारी, कुम्भ मेला ने सभी को अवगत कराया कि महाकुम्भ 2025 के दृष्टिगत प्रयागराज की भव्यता को बढ़ाने हेतु 07 विभिन्न रिवर फन्ट टाइप सड़कों, जिसकी कुल लम्बाई 13.25 किमी0 होगी, का विकास किया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से वित्त पोषित तथा सभी सार्वजनिक सुविधाओं से युक्त 07 घाटों का भी निर्माण किया जा रहा है जिससे पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के सुरक्षित स्नान तथा नौका संचालन में सहायता मिलेगी। इसी क्रम में जनपद में पर्यटन को और बढ़ावा देने के दृष्टिगत अक्षयवट, पातालपुरी एवं सरस्वती कूप के कारिडोर का विकास, लैंड स्केपिंग, साइनेज तथा प्रवेश द्वार का विकास कराया जा रहा है। कुछ अन्य प्रमुख मंदिरों का भी विकास कराया जा रहा है, जिसमें नागवासुकी मंदिर, अलोपशंकरी देवी मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, पंडिला महादेव मंदिर, कोटेश्वर महादेव मंदिर, कल्याणी देवी मंदिर तथा तक्षक तीर्थ भी सम्मिलित हैं। भारद्वाज आश्रम तथा द्वादश माधव मंदिरों के कारिडोर का विकास सौन्दर्यीकरण, प्रवेश द्वार, साइनेज इत्यादि भी कराया जा रहा है। महाकुम्भ 2025 के मुख्य स्नान पर्वों की तिथियां का निर्धारण सर्वसम्मति से हुआ। पौष पूर्णिमा 13 जनवरी, 2025 को, मकर संक्रान्ति 14 जनवरी, 2025 को, मौनी अमावस्या 29 जनवरी, 2025 को, बसन्त पंचमी 03 फरवरी, 2025 को, माघी पूर्णिमा 12 फरवरी, 2025 को तथा महाशिवरात्रि 26 फरवरी, 2025 को मनाई जाएगी। अन्य कार्यों के बारे में बताते हुए मेला अधिकारी ने अवगत कराया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रयागराज रिंग रोड, प्रयागराज - रायबरेली-लखनऊ मार्ग का विकास, प्रयागराज- अयोध्या तथा प्रयागराज बांदा राजमार्ग पर पड़ने वाली रेलवे कासिंग जसरा मे बाईपास का भी निर्माण कराया जा रहा है। एयरपोर्ट के विस्तारीकरण का कार्य नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा किया जा रहा है। साथ ही एयरपोर्ट को मेला क्षेत्र से जोड़ने हेतु सूबेदारगंज में आर0ओ0बी0 का निर्माण तथा एयरपोर्ट हेतु एक नये मार्ग का निर्माण भी कराया जा रहा है। रेलवे स्टेशनों के उच्चीकरण हेतु रेलवे विभाग के साथ गैप एनालसिस कर कार्य किया जा रहा है एवं उनसे समन्वय स्थापित करते हुए आर0ओ0बी0 का निर्माण कार्य सेतु निगम को दे दिया गया है। कुम्भ 2019 में प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा 64 चौराहों का विकास कराया गया था, जिसके क्रम में महाकुम्भ 2025 में वर्तमान में 39 चौराहों के विकास हेतु कन्सल्टेंट से डी0पी0आर0 बनाने का कार्य प्रगति में है। प्राधिकरण द्वारा 29 सड़कों का सौन्दर्यीकरण, सुदृढीकरण एवं चौडीकरण भी कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त लो0नि0वि0 द्वारा 31 सड़कों सौन्दर्यीकरण, सुदृढीकरण एवं चौड़ीकरण तथा 21 सड़कों का निर्माण एवं चौडीकरण कराया जा रहा है। उपस्थित संतों ने प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कुछ प्रस्ताव भी दिए हैं। इनमें जूना अखाड़ा के महामंत्री महन्त श्री हरि गिरि जी महराज द्वारा आगामी कुम्भ में प्रयागराज को राम गमन मार्ग का सूचक के रूप में भी परिलक्षित करने पर जोर देने का सुझाव दिया गया। साथ ही महर्षि भारद्वाज द्वारा किए गए कार्यों का और प्रचार-प्रसार करने, आदि शंकराचार्य जी का स्थायी द्वार बनाने, वेणी माधव की परिक्रमा हेतु उचित मार्ग की व्यवस्था करने एवं मोहल्लों का नाम जगतगुरूओं के नाम पर रखने का भी प्रस्ताव दिया। महानिर्वाणी अखाड़ा के श्री यमुना पुरी जी महराज ने पेशवाई मार्गों से लटकते हुए विद्युत तारों को शतप्रतिशत हटाने का सुझाव दिया। इसी क्रम में सभी संत महात्माओं ने तीर्थ यात्रियों एवं संत महात्माओं हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया। प्रशासनिक अधिकारियों में से मण्डलायुक्त ने जहां सभी महात्माओं से महाकुम्भ 2025 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आशीर्वाद एवं सहयोग मांगा ।

# पहाड़ से लेकर मैदान तक वर्षा; बिहार, पंजाब सहित कई राज्यों में बाढ़ की स्थिति

पश्चिमी विक्षोभ और मानसूनी हवाओं का असर पूरे उत्तर भारत में दिखाई देने लगा है। इसके चलते पहाड़ से लेकर मैदानी राज्यों तक भारी वर्षा हो रही है। कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पहाड़ों में जहां भारी वर्षा के कारण भूस्खलन बढ़ गया है। दिल्ली और मैदानी राज्यों में जलभराव के चलते



लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिन तक हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है जबकि जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग इलाकों में सोमवार तक राजस्थान हरियाणा चंडीगढ़ दिल्ली और पंजाब में रविवार तक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। दिल्ली में शनिवार को हुई वर्षा ने जुलाई में एक दिन में सर्वाधिक वर्षा का 20 वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिन तक हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है, जबकि जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग इलाकों में सोमवार तक, राजस्थान, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और पंजाब में रविवार तक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। दिल्ली में शनिवार को हुई वर्षा ने जुलाई में एक दिन में सर्वाधिक वर्षा का 20 वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया। दिल्ली में शुक्रवार रात से शनिवार शाम साढ़े पांच बजे तक 133.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इससे पहले वर्ष 10 जुलाई, 2003 को 133.4 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। रविवार को लेकर भी मौसम विभाग ने आरेंज अलर्ट जारी किया है। शनिवार के लिए पहले येलो अलर्ट जारी किया था, जिसे भारी वर्षा के बाद बदलकर रेड अलर्ट किया गया। तापमान भी सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया और अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जुलाई के पहले पखवाड़े में शनिवार का दिन पिछले आठ वर्षों में सबसे अधिक ठंडा रहा। इससे पहले वर्ष 2015 में 11 जुलाई को अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिल्ली में छह दिन तक वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है।बिहार में भी शनिवार को कई जिलों में भारी वर्षा हुई। 24 घंटों के दौरान सिवान में 54.2 मिमी और पटना में 22.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर बिहार के चार जिलों किशनगंज, अररिया, पूर्णिया व कटिहार में भारी वर्षा की चेतावनी है। दूसरी ओर राजस्थान के कई जिलों में भारी से पिछले 24 घंटों में अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। पंजाब में भी करीब 14 घंटे लगातार हुई वर्षा से दरिया व नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। बांधों का जलस्तर भी बढ़ गया है। सबसे ज्यादा फिरोजपुर में रिकार्ड 176 मिलीमीटर वर्षा हुई। राज्य के कई इलाके पानी में डूब गए।उत्तराखंड में बीती रात से शुरू हुआ वर्षा का क्रम शनिवार दिनभर जारी रहा। इससे पहाड़ी जिलों में 60 से अधिक संपर्क मार्ग बंद होने से कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। वर्षा के आरेंज अलर्ट के चलते ऊधमसिंहनगर में जिला प्रशासन ने इंटर तक के स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखे। चमोली में बदरीनाथ राजमार्ग बाजपुर में भूस्खलन के कारण साढ़े तीन घंटे बंद रहा। जम्मू-कश्मीर में शनिवार को दूसरे दिन भी भारी वर्षा से नदी-नाले उफन गए और रामबन जिला में विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन से जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद हो गया। रामबन में भूस्खलन प्रभावित पंतिहाल को बाईपास करने वाली नवनिर्मित टी3 और टी5 (सुरंग) को जोड़ने वाली सड़क का एक बड़ा हिस्सा भी बह गया है। ये दोनों सुरंग इसी वर्ष अप्रैल में खुली थीं। वहीं, जम्मू संभाग के पुंछ जिले के सुरनकोट में मुगल रोड पर नाला पार करते समय सेना के दो जवान बहकर लापता हो गए। उनकी खोज में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। वर्षा और भूस्खलन के चलते अमरनाथ यात्रा दूसरे दिन भी स्थगित रही। यात्रा मार्ग पर फंसे 379 श्रद्धालुओं को सेना ने विभिन्न स्थलों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। हिमाचल में भारी वर्षा से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। सड़क, रेल व हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है। शनिवार को हुई वर्षा से चार स्थानों पर बाढ़ और पांच स्थानों पर भूस्खलन से नौ मकान और एक पशुशाला ढह गई। भारी वर्षा के कारण एक दिन पहले शुरू हुई श्रीखंड यात्रा नौ व 10 जुलाई के लिए स्थगित कर दी है। ऊना जिले में रेलालइन पर पेड़ गिरने से विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई, इससे वंदे भारत ट्रेन 10 मिनट लेट हो गई। प्रदेश में 133 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं।

# यूक्रेन को क्लस्टर देगा अमेरिका, १०० से अधिक देशों में प्रतिबंधित; आखिर कितना घातक है ये हथियार

व्हाइट हाउस ने घोषणा किया है कि वह यूक्रेन को घातक हथियार क्लस्टर भेजेगा। अमेरिका की ओर से कहा गया कि नागरिकों पर इसका भीषण प्रकोप देखने के बाद इसके सप्लाई को बंद कर दिया गया था, लेकिन यूक्रेन लगातार हथियारों की मांग कर रहा था। गौरतलब है कि क्लस्टर इतना घातक हथियार माना जाता है कि लगभग 100 से अधिक देशों ने इस पर प्रतिबंध लगा रखा है। हालांकि, यूक्रेन को क्लस्टर हथियार सप्लाई करने के कारण अमेरिका को कई सवालों के जवाब देने पड़ सकते हैं, लेकिन फिर भी अमेरिका ने यूक्रेन को यह हथियार सप्लाई करने का फैसला किया है। इस खबर में हम आपको बताएंगे कि आखिर क्लस्टर हथियार क्या है और आखिर इसके इस्तेमाल पर प्रतिबंध क्यों लगाया गया है। साथ ही, आपको बताएंगे कि कौन-से देशों प्रतिबंध के बाद भी इसका खुलकर इस्तेमाल हो रहा है। क्लस्टर हथियार दुनिया के सबसे घातक हथियारों में गिना जाता है। यह क्लस्टर हथियार एक ऐसा सिस्टम हैं, जिसमें रॉकेट, मिसाइल या तोपों के के जरिए एक साथ बड़े तादाद में छोटे-छोटे बम फैलाए जा सकते हैं। दरअसल, इस हथियार में फिट सभी छोटे-छोटे हम आसमान में ही खुल कर फैल जाते हैं। हालांकि, इस बम की कमी यह है कि इसे इरादे से दागा जाता है, लेकिन यह कई बार तुरंत नहीं फटता है। यदि यह किसी नरम और नम जमीन पर जाकर गिरता है, तो तुरंत नहीं फटता है, वैसे ही पड़ा रहता है, लेकिन जब इसे हिलाया जाता है, तो तुरंत फट जाता है। कोई भी यदि इसे जमीन पर हिलाने और हटाने की कोशिश करता है, तो वह फट सकते हैं। इससे इन्हें हटाने वाले की जान जा सकती है या फिर वह विकलांग भी हो सकती है।यह हथियार सभी के लिए बहुत ज्यादा खतरनाक और घातक होते हैं। इनका इस्तेमाल एक जगह डेरा डालकर बैठे पैदल सेना के खिलाफ ज्यादा किया जाता है। खासकर, यह हथियार बंकरों में पोजीशन लिए या कवर लिए हुए सैनिकों के लिए घातक साबित होते हैं। यह हथियार बच्चों के लिए बहुत बड़ा खतरा होते हैं। दरअसल, जो बम जमीन पर गिरकर नहीं फटते हैं, वो देखने में छोटे खिलौने जैसा दिखता है। जब कोई बच्चा इसको खिलौना समझकर उठा लेता है, तो इसके फटने का खतरा बढ़ जाता है।इस हथियार के घातक प्रभाव को देखते हुए ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी समेत लगभग 100 से ज्यादा देशों ने एक अंतरराष्ट्रीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत यह सभी देश इन हथियारों का इस्तेमाल और स्टोरेज नहीं कर सकते हैं। यहां तक कि कुछ देशों ने इसके सप्लाई पर भी रोक लगा दी है। गौरतलब है कि कुछ मानवाधिकार संगठनों ने ऐसे बम को 'वीभत्स' करार दिया है। किन देशों में इस्तेमाल हो रहा इसके घातक प्रभाव के बावजूद आज भी कई देश इनका इस्तेमाल कर रहें हैं, जिनमें रूस और यूक्रेन का नाम शामिल है। दोनों देश एक-दूसरे के खिलाफ इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। दरअसल, इन दोनों देशों ने समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। हालांकि, अमेरिका ने भी इस समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किया है, लेकिन वो इसके प्रभाव को देखते हुए दूसरे देशों में इसकी सप्लाई नहीं करता था।अमेरिका की ओर से कहा गया है कि वह यूक्रेन को यह हथियार सप्लाई करेगा, क्योंकि इसने यूक्रेन का साथ देने का वादा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि यूक्रेन के पास हथियार खत्म हो रहे हैं और ऐसे में अमेरिका उसे हथियार सप्लाई करने के लिए तेजी से हथियार बना रहा है, लेकिन फिर भी उसको क्लस्टर हथियार सप्लाई करना होगा।अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा, ठहमें पता है कि इस तरह के हथियार नागरिकों को नुकसान पहुंचा सकता है। ये बम कभी भी फट सकते हैं, जिसके कारण इसका खतरा भी बड़ा है। इसलिए हमने लंबे समय तक यह फैसला टाला है, लेकिन अब हमें यह फैसला लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, ठयूक्रेन इन बमों को किसी विदेशी धरती पर इस्तेमाल नहीं करेगा, बल्कि उसने अपनी सुरक्षा के लिए यह हथियार मांगा है। हजारों की संख्या में भेजा जाएगा घातक हथियार सलाहकार ने कहा, ठयूक्रेन के पास हथियार खत्म हो रहे थे और इस कमी की भरपाई की जरूरत है। हम संघर्ष के दौरान किसी भी वक्त यूक्रेन को निहत्था नहीं छोड़ सकते।ठ अमेरिका की ओर से इस बात का खुलासा नहीं किया गया है कि आखिरी यूक्रेन को कितने क्लस्टर हथियार भेज रहा है, लेकिन इस बात का अंदाजा लगाया जा चुका है कि सप्लाई के लिए हजारों हथियार तैयार किए गए हैं। रूस के मुकाबले बेहतर है अमेरिकी क्लस्टर बम अमेरिका के क्लस्टर बम और रूस के क्लस्टर बम की तुलना करते हुए सुलिवन ने कहा कि अमेरिका जो क्लस्टर हथियार यूक्रेन को भेजेगा उनके नाकाम होने की आशंका 2.5 फीसदी है। जबकि, रूस के क्लस्टर हथियार के नाकाम होने की आशंका 30 से 40 फीसदी तक होती है।अमेरिका द्वारा लिए गए इस फैसले के बाद उसे सवालों के कटघरे में खड़ा किया जा सकता है। दरअसल, पहले अमेरिका ने रूस द्वारा क्लस्टर हथियारों के इस्तेमाल को लेकर उसकी निंदा की है और अब खुद यूक्रेन के यह हथियार सप्लाई कर रहा है। अमेरिका पर दोगलेपन का आरोप लग सकता है। अमेरिकी कानून के मुताबिक, अमेरिका किसी भी देश को ऐसे घातक हथियारों की सप्लाई नहीं कर सकता है, जिनमें न फटने की आशंका एक फीसदी से ज्यादा होती है, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति इस कानून को नजरअंदाज कर दिया है।



## संक्षिप्त समाचार

### 9 जुलाई को क्षत्रिय महापंचायत सम्मान समारोह

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** नोएडा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा 1897 विश्व का एकमात्र ऐसा राजपूताना क्षत्रिय समाज का प्राचीन संगठन है। जिसके रचनात्मक कार्यो की प्रशंसा अन्य वर्ग व समाज करता रहा. हिन्दूत्व हिन्दू हिन्दुस्तान संस्कृति सनातन धर्म को लेकर जातियों व उप जातियों वर्ण व्यवस्था मे विभाजित क्षत्रिय समाज को जोड़ने के साथ आज संगठन का अभियान भारत के 27 प्रान्त मे लाखो क्षत्रिय परिवार मे एकता एकजुटता बनाने मे कामयाब रहा है .संगठन का आगामी 9 जुलाई 2023 को स्थान सम्राट पृथ्वीराज चौहान भवन सेक्टर 62 मे क्षत्रिय महापंचायत सम्मान समारोह है जो रविवार पूर्वान्ह 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया गया है इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद मा कुंवर हरिवंश सिह करेंगे।

### तपस्वी छावनी सहित हजारों संत उतरेंगे समाजसेवी डॉ0 संदीप के समर्थन में

(आधुनिक समाचार सेवा)
**झाँसी।** जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी शिष्टाचार भेंट करने तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगदुरु परमहंस आचार्य के अयोध्या स्थित आश्रम पहुंचे जहां डॉ0 संदीप ने जगत गुरु परमहंस का माल्यार्पण कर शॉल पहनाया और आशीर्वाद लिया। हिंदू राष्ट्र की मांग को आंदोलन के रूप में पहली बार जगत गुरु परमहंस के द्वारा ही उठाया गया जिसके बाद इस मुद्दे पर कई संगठन सामने आए हैं हिंदू राष्ट्र के लिए इन संगठनों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अयोध्या स्थित आश्रम पर डॉ0 संदीप सरावगी और जगत गुरु परमहंस आचार्य के बीच कई सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। जगदुरु परमहंस ने कहा संदीप जैसे युवाओं को राजनीति में आना चाहिए और सरकार का भी यह दायित्व है ऐसे लोगों को खोजकर शासन में स्थान दें संदीप जैसे लोगों से ही समाज का और राष्ट्र का भला होगा।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में भ्रष्टाचार का बोलबाला : भूपेन्द्र जादौन

## 200 करोड़ के एफडी घोटाले में लिप्त अधिकारियों की जांच हो - भूपेन्द्र जादौन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री को नोएडा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में हुए घोटालों के दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग के लिए लिखा पत्र प्राधिकरण में 200 करोड़ इउ-तोड़कर करोड़ों रुपए निकाले गए हैं इसकी निष्पक्ष जाँच होनी चाहिए और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। पत्र में पूर्व में हुए घोटालों की भी जाँच में तेज़ी लाने की माँग की गई है जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने पत्र के माध्यम से नोएडा में हुए घोटालों को भी एक बार फिर उजागर किया है। उन्होंने बताया इससे पहले नोएडा प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में इन बड़े घोटालों की जाँच में तेज़ी आनी चाहिए होटल भूखंड घोटाला,लीज रेंट घोटाला,नोएडा से ग्रेटर नोएडा तक बनी 130 मीटर चौड़ी सड़क निर्माण घोटाला,गौतमबुद्ध विवि में निर्माण घोटाला,फार्म हाउस आवंटन घोटाला,अंडर ग्राउंड केबलिंग घोटाला,नोएडा क्रिकेट स्टेडियम पवेलियन निर्माण घोटाला, लीजबैक घोटाला, स्पोर्ट्स सिटी घोटाला, मल्टीलेबल कार पार्किंग और ऐलीवेटेड रोड में अतिरिक्त भुगतान घोटाला हुआ। जिलाध्यक्ष ने पत्र के माध्यम से आरोप लगाया कि पूर्व में भ्रष्टाचार करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से सभी जाँचें में तेज़ी लाने की माँग की है और दोषियों पर कड़ी सज़ा दिलाने की माँग को दोहराया है। जिलाध्यक्ष ने पत्र में आरोप लगाया कि लम्बे समय से जो अधिकारी नोएडा प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तैनात है वह भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं उनकी संपत्तियों की जाँच होनी चाहिए और लम्बे समय से जमे अधिकारियों का तबादला कर देना चाहिए। प्राधिकरणों में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए योगी सरकार ने सत्ता में आते ही नोएडा प्राधिकरण व ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में वर्षों से जमे अधिकारियों के तबादले का फैसला किया। इसके लिए प्रदेश के सभी औद्योगिक प्राधिकरणों का केंद्रीयकरण कर यहां से अधिकारी यूपी सीडा, गोरखपुर, कानपुर व लखनऊ विकास प्राधिकरण में भेजे गए। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह का आरोप है कि कुछ ही दिन बाद अधिकांश अधिकारी लौट कर वापस नोएडा प्राधिकरण ,ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में आ गए। जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना नामुमकिन है सभी तबादलों की जाँच होनी चाहिए।

# ग्रेनोवेस्ट में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर नेफोमा ने डीसीपी सेंट्रल से की मुलाकात

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** नोएडा वेस्ट में महिला सुरक्षा, सिक्योरिटी गार्डो की वेरिफिकेशन, बैचलर किराएदारों



का सत्यापन, सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन की रोकथाम के लिए के लिए आज नेफोमा टीम के सदस्यों ने पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी सेंट्रल अनिल कुमार यादव से मुलाक़ात कर सोसाइटी व क्षेत्र में निवासियों सिक्योरिटी व्यवस्था सुधार पर चर्चा की। नेफोमा सदस्यों ने निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा की 1. ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न सोसायटीओं में कार्य कर रहे सिक्योरिटी गार्डों, घरेलू सहायकों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाए। 2. सोसायटीओं में बैचलर किराएदारो द्वारा आए दिन मारपीट व तेज आवाज में म्यूजिक बजाने की शिकायतें आती हैं प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा फर्जी सत्यापन कराया जाता है जो प्रॉपर्टी डीलर बना कर देता है जिससे जब घटना होती है तो बैचलर किराएदार सोसाइटी छोड़ कर चले जाते हैं 3. गौर सिटी 2 वीआईपी होम्स, वेदांतम सोसायटी, सुपरटेक इको विलेज 2, पंचशील ग्रीन वन, ग्रीनआर्क, हिमालय प्राईड आदि सोसाइटी के सामने सार्वजनिक स्थलों पर कार में बैठकर लोग शराब का सेवन करते हैं जिससे महिलाओं और बच्चों में भय व्याप्त रहता है 4. ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अधिकतर सोसायटीओ के बाहर अतिक्रमण कर अवैध दुकानें, ठेली, गोलगप्पे टिक्की की रेहडी लगाई जाती हैं जिससे ट्रैफिक बाधित होता है और जनता को भारी जाम से जूझना पड़ता है 5. ग्रेटर नोएडा वेस्ट गौर सिटी चौक से मेट्रो स्टेशन आने जाने वाले ऑटो पर स्पेशल नंबर अंकित कराया जाए कई बार देखा गया है कि ऑटो वाले महिलाओं के साथ अभद्रता करते हैं हाथ पकड़कर ऑटो में जबरदस्ती बैठाने का प्रयास करते हैं। मीटिंग में नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान, जनरल सेक्रेटरी हरदम सिंह, सदस्य किशोर सिंह, एम0के0 माथुर, संजीव कुमार, आलम, बी0 एम0 भट्ट आदि सदस्यों ने भाग लिया।

# रेलवे ट्रैक में लगी पेन्ड्राल क्लिप/जलेबी की चोरी कर बिक्री करने वाले गैंग के 05 शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़

(आधुनिक समाचार सेवा)
**मीरजापुर।** में गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की रेलवे की सामान तथा अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद – पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' को जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र से रेलवे के सामानों व ट्रैक में लगी क्लिपों की चोरी होने के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई थी। दी गयी। बदमाशों द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया परन्तु पुलिस टीम द्वारा आत्म-सुरक्षा करते हुए आवश्यक बल का प्रयोग कर मौके से 04 बदमाशों 1. कन्हैयालाल, 2. राहुल पटेल, 3. गोरख व 4. प्रदीप कुमार पटेल उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया गया कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है। **विवरण पूछताछ** – गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे अपने अन्य 02 साथियों की मदद से थाना अदलहाट, थाना को0देहात व थाना चुनार क्षेत्र से रेलवे की पटरियों में लगी लोहे की क्लिप को समय



जिस पर पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा प्रकरण में संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारीगण के नेतृत्व में घटना की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अदलहाट, स्वाट व एसओजी तथा रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांकः 08.07.2023 को थाना अदलहाट पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे की पटरियों में लगी क्लिप की चोरी कर बिक्री करने वाले कुछ संदिग्ध व्यक्ति अदलहाट क्षेत्र में है। उक्त सूचना के आधार पर थाना अदलहाट, स्वाट व एसओजी तथा रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दबिश। गिरफ्तार अभियुक्तगण कन्हैयालाल व राहुल पटेल उपरोक्त के कब्जे से एक-एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय कारतूस बरामद किया गया तथा मौके से 06 बोरियों में 243 अदद पेन्ड्राल क्लिप/जलेबी भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर थाना अदलहाट क्षेत्र स्थित कबाड़ के दुकान से कुल 41 बोरियों में रखा 2058 अदद रेलवे की पटरियों में लगने वाली लोहे की पेन्ड्राल क्लिप/जलेबी बरामद करते हुए अभियुक्त बृजेश कुमार अग्रहरी उर्फ पिन्टु को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अदलहाट पर मु0अ0सं0-149/23 धारा 307,411,413,414,34 भादवि, 150 रेलवे अधिनियम व 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक देखकर चोरी करते है। चोरी की गयी रेलवे पेन्ड्राल क्लिप/जलेबी को गिरफ्तार अभियुक्त बृजेश कुमार अग्रहरी की कबाड़ की दुकान में छिपाकर स्टोर किया करते थे। जिसे मौका देखकर बेच देते थे तथ प्राप्त धनराशि को आपस में बाट लेते थे। **नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण –** 1.कन्हैयालाल पुत्र नन्हकू राम निवासी बहादुरपुर कमालपुर थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-25 वर्ष। 2.राहुल पटेल पुत्र स्व0 ज्ञानचन्द्र निवासी लक्ष्मणपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब-23 वर्ष। 3. गोरख पुत्र सेचनराम निवासी कमालपुर थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-26 वर्ष। 4. प्रदीप कुमार पटेल उर्फ गोलू पुत्र लालमन पटेल निवासी मटिहानी थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-26 वर्ष।5.बृजेश कुमार अग्रहरी उर्फ पिन्टू पुत्र रामआसरे निवासी सिकीया नरायणपुर थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर, उम्र करीब -35 वर्ष। **आपराधिक इतिहास–** 1.मु0अ0सं0-126/23 धारा 379,411,414,413,34 भादवि व 150 रेलवे अधि. थाना को0देहात जनपद मीरजापुर। 2.मु0अ0सं0-143/23 धारा 379,411,414,413,34 भादवि व 150 रेलवे अधिनियम थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर। 3.मु0अ0सं0-221/23 धारा 379,411,414,413,34 भादवि व 150 रेलवे अधिनियम थाना चुनार जनपद मीरजापुर। 4. मु0अ0सं0-235/23 धारा 379,411,414,413,34 भादवि व 150 रेलवे अधिनियम थाना चुनार जनपद मीरजापुर। **पंजीकृत अभियोग-** मु0अ0सं0-149/23 धारा 307,411,413,414,34 भादवि, 150 रेलवे अधिनियम व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना अदलहाट मीरजापुर। **विवरण बरामदगी –** कुल 47 बोरियों में रखा हुआ रेलवे की पटरियों से सम्बन्धित पेन्ड्राल क्लिप/जलेबी 02 अदद 315 अवैध तमंचा मय 01 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद मिस कारतूस व 01 अदद खोखा।गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम –प्रभारी निरीक्षक थाना अदलहाट विजय कुमार चौरसिया मय पुलिस टीम।निरीक्षक माधव सिंह प्रभारी एसओजी मय पुलिस टीम।उप-निरीक्षक राजेश जी चौबे प्रभारी सर्विलांस/स्वाट मय पुलिस टीम।निरीक्षक पी.के.ओझा सी.आई.बी.आर.पी.एफ. प्रयागराज।निरीक्षक मोहम्मद सालीग रेलवे सुरक्षा बल चुनार पोस्ट। उ0नि0 पवन दुबे डी.एफ.सी.सी मय टीम।

# सपा की मासिक बैठक में बूथ मजबूत करने पर हुई चर्चा

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** सेक्टर 33 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में सपा नोएडा महानगर की मासिक बैठक सपा महानगर अध्यक्ष



डॉक्टर आश्रय गुप्ता की नेतृत्व में व लोकसभा बूथ प्रभारी वीर सिंह यादव की मौजूदगी में संपन्न हुई आगामी लोकसभा को देखते हुए महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं से अपना बूथ मजबूत करने के लिए कहा है, सपा अध्यक्ष ने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा की निरंकुश सरकार ने कमरतोड़ महंगाई किसान मजदूर की दुर्दशा तथा नौकरी ना देकर युवा वर्ग में नफरत भरने के अलावा अब तक कुछ नहीं किया है, वहीं लोकसभा प्रभारी वीर सिंह यादव ने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि किसी ने वोट काटने या फर्जी वोट बनवाने की कोशिश की तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सपा इसको लेकर संघर्ष के लिए तैयार है, मंच का संचालन महासचिव विकास यादव ने किया मासिक बैठक में उपस्थित मुख्य लोगों में,वीर सिंह यादव ,डॉ आश्रय गुप्ता, दिव्यांशु यादव,सुबे यादव, विकास यादव , राघवेंद्र दुबे,जगत चौधरी , मुकेश प्रधान, मनोज गोयल, ओमपाल राणा,वीर पाल अवाना, विनोद यादव , देवेंद्र अवाना ,देवेंद्र गुर्जर,विपिन अग्रवाल, गौरव कुमार यादव , सुशीला भारती, दिव्यांशु,अरविंद चौहान ,उदयवीर प्रधान ,अर्जुन प्रजापति, बबलू चौहान, मोहम्मद नौशाद, बाबा जयवीर, लखन यादव, विकास कुंडिया ,तस्लीम ,मुमताज आलम, महकार तंवर , साहिल चौधरी, रेणुका, रेखा , गुलजार अल्वी, कमल सिंह गौतम, रामवीर यादव, राजपाल सिंह, बाबूलाल बंसल, लोकेश चौधरी, वीरपाल, प्रवीण शर्मा, राजू, मोंटी,राणा मुखर्जी , बबली शर्मा,शादाब खान,अजीम अली जैदी, रिंकू, नफीस, खालिद,गौतम, देबाशीष, किया, संजय, रामसहेली, विस्वास, मुन्ना आलम, रोहित, शिव कुमार, राहुल यादव, संजय, मनोज, उदयवीर, प्यारेलाल यादव, सौरभ, बिल्लू सैफी नीरज,लोकेश, उदयसिंह, सतवीर, अब्दुल गफ्फार आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# देविका गोल्ड होम्ज सोसाइटी में फैला डेंगू का खतरा, निवासी भयभीत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** नोएडा ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित देविका गोल्ड होम्स सोसाइटी में बिल्डर की लापरवाही और स्टेट मैनेजर के निकम्मेपन से समस्याएं खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही



है, करीब महीने भर से बेसमेंट में पानी भरा हुआ है जिससे यहां डेंगू और मलेरिया फैलने का भय उत्पन्न हो गया है , यह केवल देविका निवासियों के लिए ही नहीं बल्कि आस पास की सोसाइटियों के लिए भी एक बड़ा खतरा है, स्टेट मैनेजर अजय दीक्षित को निवासियों द्वारा कई बार आगाह कराने के बावजूद समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। इन सभी परिस्थितियों से बेहाल निवासियों ने अथॉरिटी और संबंधित विभागों से आग्रह किया है कि कृपया यहां उचित कार्यवाही करें क्योंकि हम लोगों के परिवार का जीवन खतरे में है। देविका वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकुल मिश्रा, चेयरमैन दिनेश झा, आशीष कुलकर्णी, चंद्रशेखर, अरविंद पांडेय, आनंद सिंह, प्रवीन सिंह, चंदन तिवारी, अमित सिंह , राजीव विश्वकर्मा आदि ने कहा हम सभी महामारी फैलने के भय से परेशान है लेकिन प्रबंधन के कान पर जूं नहीं रेंग रहा, अब अथॉरिटी और मुख्यमंत्री से ही उम्मीद है, निवासियो ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से भी ट्वीटर के माध्यम से की है।

# पति ने कर्ज लेकर नर्स बनाया, अब साथ नहीं रहना चाहती पत्नी, ज्योति मौर्य के बाद सुर्खियों में ये कहानी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**झारखंड।** झारखंड साहिबगंज में एसडीएम ज्योति मौर्य जैसा मामला सामने आया है। यहां एक शख्स



ने अपनी पत्नी को पढ़ा-लिखाकर नर्स बनाया, लेकिन वह अब उसके साथ नहीं रहना चाहती है। पीड़ित व्यक्ति की पहचान कन्हाई लाल पंडित के रूप में हुई है। साल 2009 में उसकी शादी कल्पना कुमारी से हुई। दोनों का एक 10 साल का बेटा भी है। मजूदरी कर उठाया पत्नी की पढ़ाई का खर्चा कन्हाई लाल पंडित ने बताया कि कल्पना पढ़ना चाहती थी, लेकिन इतने पैसे नहीं थे कि पढ़ा सके। पत्नी के जिद के आगे झुकना पड़ा। मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाते हुए पत्नी को पढ़ाया। पत्नी की शिक्षा के खातिर कन्हाई ने बोरिया में मकान बनाया। वहीं, शिबू सोरेन जनजातीय विद्यालय में पत्नी को एडमिशन दिलवाया। इसके बाद टाटा जमशेदपुर में नर्सिंग कॉलेस में वैकेंसी निकली, तो कल्पना ने एएनएम की पढ़ाई करने की इच्छा जताई। झुमावती नर्सिंग होम में मिली नौकरी कन्हाई लाल ने नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में दो लाख फीस का भुगतान किया। कल्पना ने यहां पढ़ाई कर डिग्री ली। पत्नी की पढ़ाई और रहने का खर्चे में कन्हाई पर कर्ज चढ़ गया। इधर ट्रेनिंग पूरी होते ही कल्पना ने झुमावती नर्सिंग होम में बतौर नर्स ज्वॉइन कर लिया। 14 अप्रैल को कल्पना अपने मायके जाने का कहकर बेटे संग घर से निकली। फिर वापस नहीं आई। देर रात तक पत्नी के घर न लौटने पर कन्हाई ने उसको फोन किया, जो बंद आया। फिर उसने अपने साले को कॉल किया, तो उसने बताया कि बहन दोपहर को ही ससुराल के लिए निकल गई है। काफी खोजबीन करने के बाद कल्पना का पता नहीं चला। ऐसे में पति ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कल्पना के माता-पिता ने लगाया आरोप इधर कल्पना के माता-पिता का कहना है कि कन्हाई उनकी बेटी के साथ मारपीट करता था। घर का खर्च नहीं चलाता और दहेज के लिए दबाव डालता था। अब वह उनकी बेटी और पोते के नाम की प्रॉपर्टी को हड़पना चाहता है। पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# नोएडा में विश्व गैस शिखर सम्मेलन 2023 का दूसरा दिन

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** नोएडा चक्रीय अर्थव्यवस्था के महत्व की मान्यता बढ़ रही है, जिसमें संसाधनों का उपयोग और पुनः उपयोग एक बंद लूप प्रणाली में किया जाता है। गैस एक चक्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान देने का एक विशेषज्ञों के बीच बहस के लिए एक साथ आए। किसी भी देश में विकास, उन्नति और स्थिरता। विश्व गैस शिखर सम्मेलन नेटवर्किंग, सहयोग, रणनीति के लिए एक सहज वातावरण सक्षम करके और साझेदारी के अवसरों के लिए शिखर सम्मेलन प्रौद्योगिकीविदों, नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं, निर्माताओं, शिक्षाविदों, उद्योगपतियों और सरकार के साथ वैश्विक नेटवर्किंग का अवसर प्रस्तुत करेगा। एजेंसियां. शिखर सम्मेलन गैस उद्योग के पेशेवरों को गैस और




तरीका बायोगैस के उत्पादन के माध्यम से है, जिसका उपयोग नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत के रूप में किया जा सकता है, जो गर्मी और बिजली प्रदान करता है और साथ ही जीवाश्म ईंधन की आवश्यकता को भी कम करता है। इंडिया एक्सपो मार्ट, नोएडा में विश्व गैस शिखर सम्मेलन 2023 के दूसरे दिन, भारत गैस उद्योग, व्यापार संघ, सरकारी एजेंसियां और व्यक्तिगत निर्माता और सेवा प्रदाता गैस के महत्व और भूमिका के प्रमुख विषयों पर उद्योग गुंजाइश प्रदान करके संचार में अंतराल को पाटने में मदद करेगा। भारत और विदेश के प्रतिष्ठित वक्ता हैं श्री आशुतोष शास्त्री, संस्थापक, एनरस्टार्ट कंसल्टिंग, यूके, श्री टी के सेनगुप्ता, पूर्व निदेशक, एफआईपीआई, श्री संजय चावला, पूर्व ईडी ओएनजीसी, श्री संजय कश्यप, निदेशक, गैस अथॉरिटी ऑफ भारत सीमित. वक्ताओं ने गैस उद्योग के प्रमुख मुद्दों पर बहस, विचार-विमर्श और विचारों का आदान-प्रदान किया है। विश्व गैस संबद्ध उद्योग के विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने का एक आदर्श अवसर प्रदान करेगा। आज शिखर सम्मेलन में दुनिया भर में भविष्य की संभावनाओं में गैस उद्योग में नवीनतम प्रौद्योगिकियों , विकास, चुनौतियों और अवसरों के बारे में चर्चा करने के लिए गैस और संबद्ध उद्योग के क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया है। बायोगैस की भूमिका, बायो-गैस प्रौद्योगिकियों में नवीनतम प्रगति, टिकाऊ बायोगैस उत्पादन के लिए सर्वोत्तम अभ्यास और बायोगैस और प्राकृतिक गैस के बीच तालमेल, गैस उत्पादन और परिवहन से मीथेन उत्सर्जन को कम करने के लिए सर्वोत्तम अभ्यास। ऊर्जा परिवर्तन के लिए एक स्थायी और समावेशी दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में हितधारकों की भागीदारी और सहयोग का महत्व। गैस संचालन, सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल की सुरक्षा और संरक्षा। आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना आदि भारतीय प्रदर्शनी सेवाओं के निदेशक श्री स्वदेश कुमार के अनुसार, ङ्कऊर्जा विकल्पों के विविध पोर्टफोलियो को अपनाकर, हम एक अधिक लचीली और टिकाऊ ऊर्जा प्रणाली बना सकते हैं जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए ग्रह की रक्षा करते हुए समाज की जरूरतों को पूरा करती है। गैस के लाभों को इसके संभावित पर्यावरणीय प्रभावों के साथ संतुलित करके और गैस के लिए एक रणनीतिक और जिम्मेदार दृष्टिकोण अपनाकर, हम शुद्ध-शून्य भविष्य के लिए एक मार्ग बना सकते हैं जो प्राप्त करने योग्य और टिकाऊ दोनों है। यह थीम उस महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है जो गैस आर्थिक विकास तकनीकी उन्नति और बेहतर भविष्य के लिए स्थिरता के प्रयासों को बढ़ाने में निभा सकती है। यह ऊर्जा विकास के लिए एक संतुलित और एकीकृत दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर देता है जो कम कार्बन वाले भविष्य के लिए गैस की क्षमता का लाभ उठाता है। यह विषय हितधारकों की एक विस्तृत श्रृंखला से रुचि और जुड़ाव पैदा कर सकता है।

# आतंकवाद का घिनौना सच दिखाती '72 हूरें' शुरुआत में ही ढेर, अब तक की बस इतनी कमाई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आतंकवाद की घनघोर कहानी को दिखाती फिल्म '72 हूरें' ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। फिल्म की रिलीज से पहले काफी हंगामा हुआ। इसे 'द केरल स्टोरी' की तरह प्रोपेगेंडा फिल्म बता कर रिलीज न करने की मांग तेज थी। दिन बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ती नजर आई। ऐसे में यह जानना दिलचस्प होगा कि दूसरे दिन फिल्म को वीकेंड का कुछ फायदा मिला या नहीं। निर्देशक संजय पूरन चौहान की '72 हूरें' के को- प्रोड्यूसर अशोक पंडित हैं। मूवी को लेकर जिस तरह का हो-हल्ला था, उसने है। दर्शकों ने की तारीफ ताज्जुब की बात है कि क्रिटिक्स और दर्शकों ने फिल्म को पॉजिटिव रिस्पांस दिया है। संजय पूरन चौहान ने सोशल मीडिया पर दर्शकों के रिएक्शन को लेते हुए कई वीडियो शेयर किए हैं।72 हूरें की कहानी की बात करें तो इसमें दिखाया गया है कि कैसे



भारी विरोध के बाद आखिरकार मूवी को टिकट विंडो पर एंट्री मिल ही गई।केरल स्टोरी के बाद फिल्म 72 हूरें को लेकर विवाद छिड़ गया। मूवी को रिलीज के पहले दिन फिल्म क्रिटिक्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला लेकिन दर्शकों ने शुरुआती दिन में ही ठेंगा दिखा दिया। पवन मल्होत्रा और आमिर बशीर के बेजोड़ अभिनय से सजी फिल्म के सेकंड डे का कलेक्शन आ गया है।हालांकि, संजय पूरन चौहान की '72 हूरें' रिलीज के पहले ही आज से पहले दिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 35 लाख के पार तक न जा सकी। ऐसे में यह बेहद ठंडी साबित होती दिख रही है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार 8 जुलाई को फिल्म 45 लाख की कमाई कर पाई है। इस लिहाज से अगर देखा जाए तो फिल्म 2 दिनों में एक करोड़ भी नहीं कमा पाई। ऐसे में फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटती नजर आ रही है। हालांकि, यह शुरुआती रुझान है, और इनमें फेरबदल संभव मासूमों का ब्रेनवॉश करके उन्हें आतंकवाद की दुनिया में धकेला जाता है। फिल्म आतंकवाद और आतंकवादी बनने के रास्ते को अलग कोण से दिखाती है। यह ऐसे दो आतंकवादियों की कहानी है, जिन्होंने मुंबई के गेट वे ऑफ इंडिया में बम धमाके को अंजाम दिया। ऐसा करते हैं क्योंकि उन्हें बताया जाता है कि शहादत देने वालों को जन्नत में '72 हूरें' नसीब होती है। फिल्म ब्लैक एंड वाइट में बनाई गई है।

# शाहिद कपूर ने पंकज कपूर के साथ घटी बचपन की घटना को किया याद, कहा- इसके बाद मैंने पिता के साथ जाना छोड़ दिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर ने अपने पिता पंकज कपूर के साथ बचपन की एक याद के बारे में बातचीत की है। उन्होंने बताया है यह याद इतनी बुरी थी कि उन्होंने अपने पिता के साथ बाहर जाना छोड़ दिया। नीलिमा अजीम का पंकज कपूर के साथ तलाक होने के बाद शाहिद मां के साथ ही रहने लगे थे।शाहिद कपूर ने मिड डे को एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने जानकारी दी है कि जब वह फिल्म इंडस्ट्री में नए आए थे तब उन्होंने पिता पंकज कपूर की जानकारी छिपाकर रखी थी। इसके पीछे कारण यह है कि वह अपनी मां नीलिमा अजीम के साथ ईमानदार रहना चाहते थे। अब उन्होंने बचपन की एक याद के बारे में बताया है शाहिद कपूर ने बचपन की एक बुरी याद के बारे में भी चर्चा की है। इसके बाद उन्होंने पिता के साथ बाहर जाना छोड़ दिया था। इंटरव्यू में उन्होंने जानकारी दी है कि जब तक वह 10 वर्ष के नहीं हुए थे, तब वह



साल में एक बार ही अपने पिता से मिलते थे। इसके बाद, वह मुंबई में आ गए थे। उन्होंने अपनी बुरी याद को याद करते हुए कहा कि एक बार उनके पिता दिल्ली आए थे और अपने बेटे को बाहर ले जाना चाहते थे। इसके बाद दोनों निरूला गए थे। उन दिनों पंकज कपूर 'करमचंद' के कारण काफी लोकप्रिय हो गए थे और जब दोनों खाना खा रहे थे, तब उनके आसपास काफी भीड़ जमा हो गई थी। इसके बाद एक के बाद एक कई लोग उनके पास गाजर लेकर आने लगे और कहने लगे कि 'हमारे हाथ से खा लो।शाहिद कपूर ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि उनके पिता बहुत भी रिजर्व किस्म के व्यक्ति है और एक गंभीर अभिनेता है। वे अपने अभिनय का बहुत ही गंभीरता से लेते हैं, चाहे वह कॉमेडी ही क्यों ना हो। इस बीच पंकज कपूर का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने वहां मौजूद भीड़ को फटकारते हुए कहा, ठयह क्या कर रहे हैं आप। मैं अपने बेटे के साथ पिज्जा खा रहा हूं।शाहिद कपूर पिता पंकज कपूर से साथ बाहर क्यों नहीं जाते इसके बाद पंकज कपूर ने शाहिद कपूर का हाथ पकड़कर कहा, ठयहां से भागना होगा। अभिनेता इस बारे में बताते हुए आगे कहते हैं, ठमुझे याद है। मैं सोच रहा था कि ये बहुत बुरा है। इस हादसे के बाद शाहिद ने अपने पिता के साथ बाहर जाने का विचार छोड़ दिया।

# आमिर खान और रीना दत्ता के तलाक को बताया आइरा खान ने डिप्रेशन की वजह, अब कही ये बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आमिर खान और रीना दत्ता की बेटी आइरा खान ने इस बात का खुलासा किया है कि माता- खान ने अपने ब्वॉयफ्रेंड से शादी कर ली है। दोनों एक-दूसरे के साथ काफी खुश नजर आते हैं। अब उन्होंने डिप्रेशन पर बात की



पिता के तलाक के कारण वह डिप्रेशन का शिकार हो गई थी। आइरा ने एक बार फिर मानसिक तनाव पर चर्चा की है। उन्होंने बताया है कि कैसे वह वर्षों से इससे जूझ रही हैं। अन्देम रीना दत्ता से तलाक के बाद आमिर खान ने किरण राव से शादी की। उन्हें उनसे एक बेटा भी हुआ था। आमिर खान उनसे भी तलाक ले लिया। आइरा है।आइरा खान ने एक इंटरव्यू में अपने डिप्रेशन पर बातचीत की है। पिछले 5 वर्षों से वह डिप्रेशन से लड़ रही है। उन्होंने जानकारी दी है कि उनके माता-पिता के तलाक का उन पर ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा लेकिन वह वर्षों तक दुखी रही है और उन्होंने खाना भी छोड़ दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि उनके परिवार में कई लोग मेंटल डिसऑर्डर से परेशान रहे हैं। गौरतलब है कि आमिर खान की बेटी आइरा खान ने हाल ही में अगस्तू फाउंडेशन नामक एक एनजीओ की शुरूआत की है जो कि मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा करती है और इससे पीड़ित लोगों की सहायता करती है। उन्होंने बताया कि वह 1 दिन में 8 घंटे जागती थी और 10 घंटे सोती थी। उन्होंने नीदरलैंड से वापस आने का निर्णय लिया, जहां वह पढ़ाई कर रही थी। इस बारे में बताते हुए आइरा खान कहती हैं आइरा खान ने यह भी कहा कि उनके माता-पिता का तलाक आपसी समझौते से हुआ था। इसलिए यह परेशानी भी ज्यादा बात नहीं थी लेकिन वह दुखी रहती थी। उन्हें समझ में नहीं आता था कि ऐसा क्यों हुआ है। उन्होंने आगे कहा आइरा आमिर खान की बेटी है। उन्हें बड़ा भाई जुनैद भी है। आमिर और रीना ने 2002 में तलाक ले लिया। इसके बाद उन्होंने किरण राव से शादी की। उन्हें उनसे एक बेटा भी हुआ था। आमिर खान उनसे भी तलाक ले लिया। आइरा खान ने अपने ब्वॉयफ्रेंड से शादी कर ली है।

# नेताओं की शिक्षा पर बयान देकर बुरी फंसीं काजोल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** काजोल इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज द ट्रायल का प्रमोशन कर रही है। हाल ही में, उन्होंने भारत के नेताओं के कम शिक्षित होने पर अपना मत रखा था। काजोल ने नेताओं की पढ़ाई-लिखाई और समझ पर भी नेटिजन्स के निशाने पर आ गई है। उन्होंने कहा है कि भारत के नेता शिक्षा से जुड़ी पृष्ठभूमि नहीं है। इसके चलते भारत में बदलाव बहुत धीमी गति से होता है। इसके बाद कई लोगों ने उन्हें ट्रोल किया है। इनमें कई नेता भी शामिल



कमेंट किया है। इसके बाद उन्हें ट्रोल किया जाने लगा है। वहीं कुछ लोगों ने उनके इस वक्तव्य का समर्थन भी किया है। विवाद बढ़ने के बाद एक्ट्रेस ने सफाई भी दी है। काजोल फिल्म एक्ट्रेस है और वह इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज द ट्रायल का प्रमोशन कर रही है।भारत के नेताओं को लेकर की गई टिप्पणी के बाद काजोल सोशल मीडिया पर है। काजोल ने एक इंटरव्यू में कहा है उन्होंने अपने बयान में नेताओं पर भी निशाना साधा। काजोल एक प्रमोशनल इवेंट में अपनी आगामी वेब सीरीज द ट्रायल का प्रचार कर रही थी। काजोल का ट्रोल करते हुए एक ने लिखा है एक ने लिखा है, ठकाजोल ने खुद 8वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी है।ठ वहीं, कई लोगों ने उनका समर्थन किया है।

# करण जौहर से सोशल मीडिया पर एक यूजर ने पूछा- क्या आप 'गे' हो मिला मजेदार जवाब

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म निर्देशक करण जौहर ने सोशल मीडिया पर आस्क मी एनीथिंग सेशन किया है। उन्होंने कई विषयों पर खुलकर चर्चा की कई प्रश्नों के उत्तर काफी मजेदार है। वह एक सफल फिल्म निर्देशक है। शनिवार को करण जौहर ने थ्रेड पर चर्चा की और फैंस के साथ आस्क करण एनीथिंग सेशन ताकत उनकी मोटी चमड़ी में है। जब उनसे पूछा गया कि क्या धर्मा और शाह रुख खान एक बार फिर साथ काम कर रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि ऐसे प्रश्नों को मत



है। उन्होंने अपने शक्ति और पछतावे पर बातचीत की है। उन्होंने कई प्रश्नों के उत्तर दिए हैं। करण जौहर बॉलीवुड के उन कलाकारों में से हैं, जिन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम के थ्रेड पर अपना अकाउंट बनाया है। करण जौहर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। करण जौहर की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा व्यापार करती है। अब उन्होंने फैंस के प्रश्नों के उत्तर आस्क मी एनिथिंग सेशन कर दिए है। किया। इसमें उन्होंने कई विषयों पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए है। कई प्रश्न निर्देशक के काम और व्यक्तिगत जीवन से जुड़े हुए थे। उन्होंने इस बात की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा है करण जौहर से पूछा गया कि उन्हें किस बात का पछतावा है? इसपर उन्होंने कहा है कि उन्हें कभी भी श्रीदेवी को डायरेक्ट करने का अवसर नहीं मिला है। इस बात का उन्हें पछतावा है। जब उनसे से पूछा गया कि उनकी ताकत किसमें है। इस पर उन्होंने कहा है कि उनकी पूछिए, जिनके लिए मुझे झूठ बोलना पड़ जाए। करण जौहर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का प्रचार कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके अलावा आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की अहम भूमिका है। करण जौहर 6 वर्षों के बाद निर्देशन की कुर्सी पर वापस लौटे है। फिल्म में जया बच्चन और धर्मेंद्र की भी अहम भूमिका है। इसमें वरुण धवन, जाह्नवी कपूर और सारा अली खान ने भी कैमियो भूमिका की है। यह फिल्म 28 जुलाई को रिलीज हो रही है।

# शोएब इब्राहिम ने बेटे की हेल्थ को लेकर दिया अपडेट, बोलें- जल्दी हम घर पर होंगे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी का मोस्ट फेवरेट कपल दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम 21 जून को पेरेंट्स बने थे। एक्ट्रेस ने प्रीमैच्योर बेटे को जन्म दिया था। पिता बनने के बाद फैंस संग अपने बेटे को लेकर एक गुड न्यूज साझा की है । एक्टर ने देर रात अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया और बताया कि बेटे को [illegible] से बाहर कर दिया गया है। वहीं अब 17 दिन बाद इंस्टाग्राम स्टोरी में बेटे से जुड़ी बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने लिखा, 'अलहमदुलिल्लाह आज हमारे बेटे को [illegible] से शिफ्ट कर दिया गया है। बस कुछ दिन और अस्पताल में ऑब्जर्वेशन के लिए। इंशाअल्लाह



खुद सोशल मीडिया पर शोएब इब्राहिम ने बताया था कि उनके बेटे को कुछ वक्त के लिए [illegible] में रखा गया है।दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम 21 जून को पेरेंट्स बने थे। अब 17 दिन बाद शोएब ने शोएब ने फैंस संग अपने बेटे को लेकर एक गुड न्यूज साझा की है। एक्टर ने देर रात अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया और बताया कि बेटे को [illegible] से बाहर कर दिया गया है। शोएब ने जल्दी हम घर पर होंगे। हमारा बेटा दिनों दिन अच्छा कर रहा है। आप सबका दिल से बहुत बहुत शुक्रिया इतनी दुआओं के लिए। बस इसी तरह आगे भी दुआ में शामिल रखिएगा। शोएब के इस पोस्ट को दीपिका कक्कड़ ने भी अपनी इंस्टा स्टोरी पर साझा किया है। दीपिका भी इन दिनों बेटे के साथ अस्पताल में ही है। शोएब और दीपिका अपने फैन्स को लगातार अस्पताल से अपडेट दे रहे हैं। अपने व्लॉग में एक्ट्रेस ने बताया था कि वह बिल्कुल ठीक है, लेकिन अपने बच्चे की खातिर अस्पताल में ही रुकी हुई है। दीपिका ने कहा था, डॉक्टर ने घर जाने की परमिशन दे दी है, लेकिन घर से अस्पताल इतनी दूर है कि एक्ट्रेस बच्चे को फीड कराने के लिए बार-बार नहीं आ सकती हैं। एक्ट्रेस ने बताया था कि वह मीरा रोड़ रहती हैं और अस्पताल उनके घर से काफी दूर है। ऐसे में उन्होंने यह डिसीजन लिया है कि जब तक उनका राजकुमार पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाता तब तक वह भी उसके साथ अस्पताल में ही रहेंगी।आपको बता दें, दीपिका और शोएब की लव स्टोरी 'ससुराल सिमर का' के सेट शुरू हुई थी। चार साल तक डेटिंग करने के बाद, आखिरकार 22 फरवरी 2018 को इस कपल ने अपने गांव में धूम-धाम से निकाह किया था। बता दें, दीपिका ने शोएब से निकाह के लिए अपना धर्म भी बदला है। अब ये कपल शादी के पांच साल बाद पेरेंट्स बना है।

# जानें कब रलिीज होगा जवान का प्रीव्यू वीडियो शाह रुख खान ने पूछा- मैं पुण्य हूं या पाप हूं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** पठान के बाद अब शाह रुख खान की नई फिल्म जवान जल्द रिलीज होने वाली है। इस बीच सोशल मीडिया पर अभिनेता उनकी इस पोस्ट को अब तक 84 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। कई लोग शाह रुख खान की इस फिल्म की रिलीज को लेकर उत्साहित है। शाह रुख खान की सकता है। खास बात यह है कि शाह रुख खान की फिल्म हिंदी के अलावा दक्षिण भारत की भाषाओं में रिलीज हो रही है। इससे पता चलता है कि शाह रुख खान अब




ने इस बात की जानकारी दी है कि जवान का प्रीव्यू कब रिलीज होने वाला है। उन्होंने मोशन पोस्टर जारी किया है। इसके अलावा उन्होंने इसके रिलीज होने की जानकारी भी दी है। शाह रुख खान ने ट्विटर पर पोस्ट करते हुए लिखा है शाह रुख खान ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है कि उनकी आगामी फिल्म जवान का प्रीव्यू कब रिलीज होनेवाला है। इसके पहले पठान रिलीज ही थी। गौरतलब है कि शाह रुख खान फिल्म अभिनेता है। उन्होंने जवान में अहम भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन एटली ने किया है। इसमें उनके अलावा और भी कई कलाकारों की अहम भूमिका है। इससे पहले, फिल्म के कई मोशन पोस्टर और फोटोज जारी किए गए हैं। इसमें शाह रुख को जमकर एक्शन करते हुए देखा जा दक्षिण में भी अपना कदम पसार रहे हैं। शाह रुख खान की पिछली फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा व्यवसाय किया था। यह 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। इसमें दीपिका पादुकोण की भी अहम भूमिका थी। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया था। जवान का मोशन पोस्टर कब रिलीज हुआ है शाह रुख खान 4 वर्षों के बाद फिल्मों में वापस लौटे हैं। वह सोशल मीडिया पर अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करते हैं और फिल्म का प्रमोशन भी करते नजर आते हैं। मोशन पोस्टर में शाह रुख खान का चेहरा नजर आता है। इसके बाद आग की लपटों के बीच प्रीव्यू की जानकारी उभरकर सामने आती है। वहीं, म्यूजिक भी बज रहा है। इसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। 8 जुलाई को 9:36 पर ट्विटर पर शाह रुख खान ने इसे शेयर किया है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।